Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 04 | रविवार, 04 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रूपया

### एक कार्यक्रम में बोले मोहन भागवत

# 'लव-जिहाद रोकने का प्रयास अपने-अपने घर से शुरू करें'

**भोपाल।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि लव-जिहाद की रोकथाम के प्रयास सबसे पहले हमें अपने घरों और परिवारों से शुरू करने चाहिए। सबको यह गंभीरता से विचार करना होगा कि हमारे परिवार की बेटी किसी अपरिचित के बहकावे में कैसे आ गई। इसका एक बड़ा कारण आपसी संवाद की कमी है। इसके लिए तीन स्तरों पर प्रयास आवश्यक हैं।

पहला, परिवार के भीतर निरंतर संवाद। दूसरा, बच्चियों को सावधानी और आत्मरक्षा का संस्कार देना। तीसरा, इस प्रकार के अपराध करने वालों के विरुद्ध प्रभावी निस्तारण। समाज में कार्यरत संस्थाओं को ऐसी गतिविधियों की जानकारी रखनी चाहिए और समाज को सामूहिक प्रतिकार के लिए खड़ा होना होगा, तभी लव-जिहाद का समाधान निकलेगा। यह बात डॉ. भागवत ने शनिवार शाम को भोपाल में आयोजित सामाजिक सद्भाव और स्त्री शक्ति संवाद कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि हमारा धर्म, संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था महिलाओं के कारण ही सुरक्षित है। बोले- समाज में भ्रम फैलाकर जनजातीय और अन्य वर्गों को यह कहकर तोड़ने का प्रयास किया गया कि वे अलग हैं, जबकि सच्चाई यह है कि हजारों वर्षों से अखंड भारत में रहने वाले सभी लोगों का डीएनए एक है। संकट के समय ही नहीं, बल्कि हर समय सद्भावना बनाए रखना आवश्यक है।



डॉ. भागवत ने कहा कि हिंदू कोई संज्ञा नहीं, बल्कि एक स्वभाव है। जब तक आप ह्वदू हैं तभी तक जाति हैं, जिस दिन हिंदू नहीं रहेंगे तो जाति में भी नहीं रहेंगे। जैसे शरीर के सभी अंग मजबूत होकर अपना-अपना काम अच्छे से करते हैं, उसी तरह से समाज में हमें सुगठित रहना होगा। एक दूसरे का सहयोग कर कमजोर को ताकतवर बनाना होगा। देश है तभी जातियां हैं। सामाजिक सद्भाव नया विषय नहीं, बल्कि समाज का स्वभाव है। कानून समाज को नियंत्रित कर सकता, पर समाज को चलाने और जोड़कर रखने का कार्य सद्भावना ही करती है। विविधता के बावजूद एकता ही हमारी पहचान है। बाहरी रूप से हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन राष्ट्र, धर्म और संस्कृति के स्तर पर हम सभी एक हैं।

# इंदौर में खत्म नहीं हो रहा दूषित पानी का कहर, उल्टी-दस्त के 65 नए मरीज मिले

**इंदौर।**



देश के सबसे स्वच्छतम शहर इंदौर में दूषित पेयजल से 16 लोगों की मौत और एक हजार से अधिक लोगों के बीमार होने के बीच नगर निगम सात दिन बाद भी भागीरथपुरा क्षेत्र में साफ-स्वच्छ नर्मदा जल उपलब्ध नहीं करा पाया है। रहवासी अब भी पूरी तरह टैंकरों पर आश्रित हैं। शनिवार को एक टैंकर में काई व जंग मिलने के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और पानी लिए बिना ही टैंकर लौटा दिया गया। वहीं, शनिवार को उल्टी-दस्त के 65 नए मरीज मिले। इनमें से 15 को अस्पतालों में भर्ती किया गया, शेष को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा गया। वर्तमान में 149 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, जिनमें 20 आइसीयू में हैं। इसबीच राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की टीम ने क्षेत्र का सघन दौरा किया और अस्पतालों में भर्ती मरीजों से मुलाकात की। अब हैजा की आशंका बढ़ गई है। शनिवार को 13 वर्षीय एक बच्चे में हैजा की पुष्टि हुई। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि मल-मूत्र मिला पानी रों तक कैसे पहुंचा। अस्पताल में भर्ती कई मरीजों में किडनी-लिवर तक संक्रमण फैल गया है। अस्पताल में भर्ती संतोष बाई की किडनी तक संक्रमण पहुंच गया है। इसी प्रकार 17 वर्ष के पवन के लिवर में संक्रमण बताया गया है।

## शराब के लिए तिरुपति मंदिर के ऊपर चढ़ा नशे में धुत व्यक्ति, पवित्र कलशों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश




**तिरुपति।**

आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित श्री गोविंदराजस्वामी मंदिर में शुक्रवार देर रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब नशे की हालत में एक व्यक्ति 100 फीट ऊंचे गोपुरम पर चढ़ गया और नीचे उतरने के बदले शराब की मांग करने लगा। इस दौरान उसने गोपुरम पर लगे दो पवित्र कलशों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी की, जिससे करीब तीन घंटे तक मंदिर परिसर में हाई अलर्ट की स्थिति बनी रही। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देते हुए गोपुरम की जटिल नक्काशी के सहारे ऊपर चढ़ाई की। अचानक हुई इस घटना से मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई।

आरोपी की पहचान तेलंगाना के निजामाबाद जिले के निवासी कुट्टादी तिरुपति के रूप में हुई है, जो पेशे से दिहाड़ी मजदूर बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वह पूरी तरह नशे में था।

## 'जांच पूरी करने के लिए समयसीमा निर्धारित करना अपवाद है, नियम नहीं'




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एजेंसियों को अदालतों द्वारा समयसीमा के भीतर जांच पूरी करने के लिए कहना एक अपवाद है। यह कोई सामान्य नियम नहीं है। अदालतों द्वारा समयसीमा प्रतिक्रियात्मक रूप से निर्धारित की जाती है, न कि निवारक रूप में, जहां अत्यधिक देरी से पूर्वाग्रह उत्पन्न हो सकता है। जस्टिस संजय करोल और एनके सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक आदेश को निरस्त करते हुए की। हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को कथित रूप से दस्तावेज में हेरफेर कर हथियारों का लाइसेंस प्राप्त करने के मामले में जांच पूरी करने के लिए 90 दिन का समय दिया था और आरोपित को किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया था। पीठ ने कहा-संक्षेप में, समयसीमा प्रतिक्रियात्मक रूप से निर्धारित की जाती है, न कि निवारक रूप से। पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसलों का विश्लेषण करते हुए यह भी कहा कि अदालतों ने लगातार यह स्वीकार किया है कि समयबद्ध जांच का निर्देश देना नियम नहीं, बल्कि अपवाद होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसी संवैधानिक परिप्रेक्ष्य में अदालतों ने उपयुक्त मामलों में हस्तक्षेप किया है, जहां जांच में देरी स्वयं ही पूर्वाग्रह का कारण बनने लगती है।

## भारत ने वेनेजुएला में अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** भारत ने शनिवार रात अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि वह वेनेजुएला की यात्रा करने से बचें। यह एडवाइजरी अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के कारण उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर जारी की गई है। विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला में मौजूद सभी भारतीयों से अत्यधिक सतर्कता बरतने और अपनी गतिविधियों को सीमित करने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को वेनेजुएला की सभी गैर-आवश्यक यात्रा से बचने की सख्त सलाह दी जाती है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ रहा अत्याचार, आइपीएल में नहीं खेल पाएंगे मुस्तफिजुर रहमान, केकेआर ने टीम से हटाया

**गुवाहाटी।**




पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार के बीच कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आइपीएल नीलामी में बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम में खरीदा था, जिसका भारत में लगातार विरोध हो रहा था। भारतीयों की आवाज के सामने झुकते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आइपीएल फ्रेंचाइजी केकेआर को बांग्लादेशी खिलाड़ी को अपनी टीम से बाहर करने का निर्देश दिया। उसके कुछ मिनट बाद ही रहमान दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग से बाहर हो गए। अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड इस साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप के अपने मैच भारत से बाहर कराने की मांग कर सकता है। पिछले साल बीसीसीआइ ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए बांग्लादेश का दौरा स्थगित कर दिया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि भारतीय टीम सितंबर में बांग्लादेश में तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी लेकिन बीसीसीआइ सूत्रों के अनुसार अगर दोनों देशों के संबंध ठीक नहीं होते हैं तो यह दौरा होना मुश्किल ही है। वहीं, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने देर रात आनन-फानन में आनलाइन बैठक बुलाई लेकिन बैठक के बाद कोई बयान जारी नहीं किया गया।

### अमित शाह ने की घोषणा

# देशभर में फोरेंसिक लैब्स नेटवर्क बनाने के लिए 30 हजार करोड़ निवेश करेगी सरकार

**नई दिल्ली।**



केंद्र सरकार ने अगले पांच वर्षों में देशभर में फोरेंसिक लैब्स के नेटवर्क की स्थापना के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने का निर्णय लिया है। 2029 तक हर राज्य में कम से कम एक फोरेंसिक विश्वविद्यालय या केंद्रीय फोरेंसिक लैब स्थापित की जाएगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के श्री विजयपुरम में गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह घोषणा की। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। अपराध से लड़ने के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग करने, केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) जैसे अत्याधुनिक केंद्रों की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। पिछले चार वर्षों में 16 हजार से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है शाह ने कहा कि फोरेंसिक विज्ञान विभागों के मानकीकरण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। 2029 तक 35 हजार छात्र एनएफएसयू में फोरेंसिक्स का अध्ययन करेंगे। एनएफएसयू की शत प्रतिशत प्लेसमेंट है। गृह मंत्री ने कहा कि अब तक एनएफएसयू के 14 कैंपस स्थापित किए जा चुके हैं। यह विश्वविद्यालय 100 से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। पिछले चार वर्षों में 16 हजार से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है और अगले चार वर्षों में इस संख्या को लगभग तीन गुना करने का लक्ष्य है। गृह मंत्री ने कहा कि एनएफएसयू ने अब तक 46 पेटेंट दर्ज किए हैं, जिनमें से 30 केवल 2024 में दर्ज किए गए। 96 देशों ने एनएफएसयू के साथ 103 एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

### वर्तमान में देश में सात सीएफएसएल हैं

गृह मंत्री ने कहा, भारत सरकार और राज्य सरकारें अगले पांच वर्षों में देशभर में फोरेंसिक प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के निर्माण के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही हैं। वर्तमान में देश में सात सीएफएसएल हैं, जबकि आठ नए सीएफएसएल स्थापित किए जा रहे हैं। राज्यों के फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, फोरेंसिक वैन और क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं को मजबूत करने के लिए लगभग एक हजार करोड़ रुपये का अनुदान दिया है।

# 'बांग्लादेशी' की शिनाख्त करने पर महिला बीएलओ की जूते से पिटाई

**कोलकाता।**

बंगाल के हुगली जिले के डानकुनी इलाके में 'बांग्लादेशी' की शिनाख्त करने पर एक महिला बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की जूते से पिटाई की गई। पीड़िता का नाम बिमली टुडु हांसदा है। उन्होंने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बिमली ने बताया कि उन्होंने एसआइआर संबंधी कार्य के तहत अब्दुल रहीम गाजी नामक व्यक्ति की बांग्लादेशी नागरिक के तौर पर शिनाख्त कर अपने उच्च अधिकारियों को सूचित किया था। इसी को लेकर गाजी व उसके परिवार के सदस्यों ने उन्हें मारा-पीटा। डानकुनी नगरपालिका के दो नंबर वार्ड के पांच नंबर बूथ की बीएलओ बिमली ने दावा किया कि गाजी का नाम मतदाता सूची में नहीं है।



# सता रही सर्दी... कोहरे की चपेट में दिल्ली-यूपी

**नई दिल्ली।**

नए साल के पहले सप्ताह में उत्तर भारत सर्दी की चपेट में है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत मैदानी इलाकों में घना कोहरा और शीतलहर ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है, जबकि जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी ने पर्यटकों को आकर्षित किया है। भारतीय मौसम विभाग (कटऊ) के अनुसार, यह मौसमी स्थिति अगले कुछ दिनों तक बनी रहेगी। प्रदेशभर में भीषण ठंड का प्रकोप है। अगले कुछ दिनों तक अभी इससे राहत के आसार नहीं हैं। राजधानी में शनिवार को कोहरा का असर नहीं रहा, लेकिन शीतलहर की वजह से दिन का तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, लखनऊ समेत कई जिलों में अगले तीन दिन शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज समेत लगभग 30 जिलों में घना कोहरा छाने के पूवार्नुमान हैं। कई जिलों में कोहरे की वजह से सुबह शून्य दृश्यता दर्ज की गई। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार और सोमवार को न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है, जिससे ठंड बढ़ेगी और इस दौरान कोहरा भी घना होगा। दो दर्जन से अधिक जिलों में सुबह दृश्यता शून्य हो सकती है। राजधानी सहित पूर्वी एवं मध्य यूपी के कई जिलों में फिलहाल तीन-चार दिन धूप के दर्शन नहीं होंगे।



## संपादक की कलम से

# ट्रैफिक जाम से लांघता सैलानी

व वर्षांत पर्यटन की हर दहलीज को लांघते वाहनों की शुमारी में, परिवहन व्यवस्था की रेजगारी बिखर रही है। इसमें दो राय नहीं कि पर्यटन की महफिल में हिमाचल का कद ऊंचा हुआ है, लेकिन अव्यवस्था के नासूर पूरी तरह फैले हुए हैं। क्रिसमस से न्यू ईयर तक सैलानियों के जत्थे हिमाचल को छान रहे हैं, तो रास्ते सजा देते हैं। पर्यटक स्थल सुविधाओं से महरूम नजर आते हैं। सफाई व्यवस्था की गवाही में कूड़े के ढेर और घूमने–फिरने के लिए न पार्क, न वाहन रहित मॉल और न ही मनोरंजन की सुविधाएं। दर्जनों झीलें, झरने, धरोहर गांव, मंदिर, कबाइली लाइफ, प्रकृति के नजारे, लेकिन हम पर्यटक को होटल दिखाना चाहते हैं। निवेश की सारी धरती पर कंक्रीट की गवाही में पर्यटन की संभावनाएं क्षीण हो रही हैं। इसलिए धर्मशाला कार्निवाल में आए पंजाबी गायक बब्बू मान अपील कर देते हैं, बचा लो इस हिमाचल की आभा को बचा लो। प्रदेश में शिमला–धर्मशाला के दो कार्निवाल जाहिर तौर पर वर्षांत पर्यटन के फलक पर अपनी भूमिका को निखार रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में मंदिरों की घंटियां, अटल टनल का संवाद, राजधानी शिमला का आधार और दर्जनों पर्यटक स्थलों की रौनक में आई बहार देख सकते हैं। अगर सैलानी शिमला पहुंचना चाहते हैं, तो इस सफर के गवाह बने ट्रैफिक जाम परवाणू–सोलन से शिमला तक सारा गुड़ गोबर कर देते हैं। पिछले एक दशक से धूम मचा रहे बीड़–बिलिंग की सारी मजबूरियां ट्रैफिक जाम में उलझ जाती हैं। जोगिंद्रनगर, भुंतर, बनीखेत–डलहौजी, कसौली, चिंतपूर्णी, दियोटसिद्ध ही नहीं, हर कस्बे–शहर से डेस्टिनेशन की ओर गुजरते पर्यटक को कई–कई घंटे के जाम से लांघना पड़ता है। सबसे वीभत्स दृश्य कांगड़ा के समीप मटौर चौक का है, जहां हर दिन तीन दिशाओं में ट्रैफिक जाम लगता है। इसी तरह धर्मशाला–मकलोडगंज और अटल टनल मार्ग पर मीलों लंबे ट्रैफिक जाम लगते हैं। होटलों में भले ही अस्सी से सौ फीसदी आक्यूपेंसी दर्ज होती है, लेकिन सडक पर पूरा सीजन रोता है। ऐसे में पर्यटन की मजबूती के लिए परिवहन की योजना को इंगित करना होगा। हर पर्यटक स्थल से दस से बीस किलोमीटर पहले ही वाहनों के ठहराव के लिए महापार्किंग मैदान विकसित करने होंगे और जहां से आगे या तो रोपवे, सार्वजनिक इलेक्ट्रिक गाडियों या प्री पेड टैक्सियों से यातायात अनिवार्य किया जाए। पर्यटन के साक्षी अब होटल नहीं, बड़े–बड़े मैदान, पार्क, मनोरंजन स्थल और पार्किंग व परिवहन की वैकल्पिक व्यवस्था से ही साबित होंगे। इतना ही नहीं, कुछ प्रादेशिक सडकों को पर्यटन सडक का दर्जा देकर विकसित करना होगा। बहुत पहले जब शांता कुमार केंद्रीय मंत्री थे, तो उन्होंने धौलाधार के साथ–साथ एक ऐसे मार्ग की परिकल्पना की थी, जो डलहौजी से धर्मशाला और आगे जोगिंद्रनगर तक इसी अवधारणा को आवाज दे रहा था। अब शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ऐसी ही एक परियोजना के तहत नड्डी से डलहौजी को जोडे का संकल्प रखते हैं। उतराला से होली, चुवाड़ी सुरंग से चंबा तथा बाकी तमाम सुरंग मार्ग अगर निर्मित होते हैं, तो ये पर्यटन मार्ग बन जाएंगे। ट्रैफिक जाम का जितना ताल्लुक पर्यटन से है, उतना ही बाजार, व्यापार, शहरी विकास और टीसीपी कानून से भी है।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### जिंदगी कहती है

मोनिका डागा



ये जिंदगी तो करती है बस अपनी मनमानी,
हर इंसान की अपनी है एक अलग कहानी,
कर्मों का हिसाब–किताब निरंतर चलता है,
कहीं है कारी बदरी तो कहीं धूप आसमानी ।

जो रूठ जाता है जिंदगी की समस्याओं से,
दूर हो जाता है वो तो सफल संभावनाओं से,
वो जिंदगी को अपनी बोझिल बना लेता है,
टूट जाता है वो दर्दनाक भारी विपदाओं से ।

सीखों बाधाओं को नजरिया बदल दूर करना,
अपने स्वआनंद्र आत्मविश्वास को प्रबल रखना,
वर्तमान परिस्थितियों को बदला जा सकता है,
जिंदगी कहती हैं चाहते हो तुम यूँ प्यार करना ।

बड़े ही टेढ़े–मेढ़े दांव–पेंच है अलबेली जिंदगी के,
सुख–दु:ख के मोल भाव प्रेम संतुष्टि सादगी के,
खोटे सिक्के को एक प्रभु तू ही सोना है बनाता,
कारण बहुत सारे है दीनानाथ तेरी बंदगी के ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# 3 कदम उठाने भर से मच जाएगी तबाही, कैसे तीन बीघा कॉरिडोर, फरक्का समझौते में फंसा बांग्लादेश?

अगर भारत की तरफ आंख उठाने की बांग्लादेश ने कोशिश भी की तो बिना मारे बांग्लादेश में तबाही आ जाएगी। क्योंकि भारत ने अगर तीन बीघा कॉरिडोर या तीन बीघा जो गलियारा है उसको लेकर कदम उठा लिया तो यूनुस छटपटा जाएंगे। आखिर ये तीन बीघा कॉरिडोर क्या है जिसको लेकर बांग्लादेश की नब्ज कहा जा रहा है कि पूरी तरह से भारत के हाथों में है।

कारोबार, मददगार, साझेदार, ये तीन शब्द भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों को परिभाषित करते थे। हालांकि, 2024 के मध्य और खासतौर पर 2025 की शुरूआत से बने हालात अब तनावपूर्ण संबंधों का नया अध्याय लिखते नजर आ रहे हैं। बांग्लादेश जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहा है वो यह ना भूलले कि मोहम्मद यूनुस की गर्दन पूरी तरह से भारत के पंजे में है। अगर भारत की तरफ आंख उठाने की बांग्लादेश ने कोशिश भी की तो बिना मारे बांग्लादेश में तबाही आ जाएगी। क्योंकि भारत ने अगर तीन बीघा कॉरिडोर या तीन बीघा जो गलियारा है उसको लेकर कदम उठा लिया तो यूनुस छटपटा जाएंगे। आखिर ये तीन बीघा कॉरिडोर क्या है जिसको लेकर बांग्लादेश की नब्ज कहा जा रहा है कि पूरी तरह से भारत के हाथों में है।



**मोदी सरकार संधि पर लेगी बड़ा फैसला?**

दरअसल, 12 फरवरी को हुए चुनाव के बाद जब बांग्लादेश में नई सरकार सत्ता में आएगी, तो उसे जिन प्रमुख मुद्दों का समाधान करना होगा, उनमें से एक है भारत के साथ फरक्का जल बंटवारे की संधि का नवीनीकरण, जो 2026 में समाप्त हो रही है और जिसमें स्वतः विस्तार का कोई प्रावधान नहीं है, जिसके कारण नए सिरे से बातचीत करना आवश्यक हो जाएगा। फरक्का में गंगा जल के बंटवारे पर पहला समझौता 7 नवंबर, 1977 को ढाका में हस्ताक्षरित किया गया था। इस संधि से कुछ ही महीने पहले, मार्च में मोरारजी देसाई ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया था, जबकि उसी वर्ष अप्रैल में मेजर जनरल जियाउर रहमान बांग्लादेश के राष्ट्रपति बने थे। फिर, जब 12 दिसंबर, 1996 को दूसरे समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, तब भारत के प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और बांग्लादेश की शेख हसीना को पद संभाले हुए केवल छह महीने ही हुए थे। दोनों नेताओं ने जून में अपने-अपने पदभार ग्रहण किए थे।

बैराज में दो जगह पानी जाती है। एक तो गंगा में पानी जाती है जो कि बांग्लादेश में चली जाती है। दूसरा हुबली में पानी आती है। समझौते के तहत अगर 75000 क्यूसेक से ज्यादा पानी है तो 45000 क्यूसेक भारत रखेगा और बाकी बांग्लादेश को दे देगा। अगर 75000 क्यूसेक से कम है 70 से 75000 के बीच में है तो 35000 क्यूसेक भारत रखेगा और बाकी बांग्लादेश को दे देगा। और अगर 70 या 73000 क्यूसेक से भी कम है तो भारत 3000 क्यूसेक रखेगा और बाकी पड़ोसी को देगा। कुल मिलाकर कहे तो भारत को कम से कम 30 से 35000 क्यूसेक जल की आवश्यकता है वो रख के बाकी बांग्लादेश को दे देगा इसलिए ये बैराज बनाया था। अब ये समझौते की मियाद 2026 में खत्म हो रही है। इस बार, भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक स्थिर और दीर्घकालिक सरकार है, जबकि बांग्लादेश लगभग 17 महीनों की अस्थिरता के बाद लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार की स्थापना की ओर अग्रसर है। यह देखना बाकी है कि क्या संधि का आपसी सहमति से, या कुछ सुधारों के साथ नवीनीकरण किया जाता है, या यदि ढाका भारत को अस्थिर करने की इच्छा रखने वाले कुछ अंतरराष्ट्रीय तत्वों के इशारों पर चलता रहता है तो नई दिल्ली कड़ा रुख अपनाती है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए, नई दिल्ली देश और उसके लोगों की सुरक्षा और अखंडता की रक्षा के लिए कार्रवाई करने में संकोच नहीं कर सकती है। संयोगवश, पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के कारण, जिसमें हाल ही में अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुआ घातक आतंकी हमला भी शामिल है, भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। यह निर्णय भारत की संप्रभुता की रक्षा और पाकिस्तान की कार्रवाइयों के खिलाफ जवाबी उपायों के व्यापक पैकेज का हिस्सा था, जिसमें आतंकी लॉन्चपैडों पर सीमा पार सटीक हमले भी शामिल थे। बांग्लादेश की 30% खेती इसी पानी पर निर्भर बांग्लादेश की 30% खेती इसी पानी पर निर्भर है। अगर ऐसा हुआ तो बांग्लादेश के एक बड़े हिस्से में सुखाड़ की स्थिति पैदा हो जाएगी और वहां खेतीबाड़ी सारी चौपट हो जाएगी। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत से उसके रिश्ते बिगड़े हुए हैं। ऐसे में उसे डर है कि अगर भारत ने इस समझौते को रिन्यू नहीं किया तो उसकी एक तिहाई आबादी प्यासी मर जाएगी और खेती बिल्कुल चौपट हो जाएगी। यही वजह है कि वह अब अपनी गरीबी का रोना रोते हुए भारत के आगे नाक रगड़ रहा।


3 बीघा गलियारा क्या है जो दे सकता है सबसे बड़ी चोट

बांग्लादेश के दहाग्राम और अंगारपोर्टा एन्क्लेव के संबंध में 1974 के एलबीए के अनुच्छेद 1(14) में तीन बीघा के पास 178 मीटर ७ 85 मीटर के इलाके को स्थायी रूप से पट्टे पर देकर इन एन्क्लेव तक पहुंच का प्रावधान है। इसे 7 अक्टूबर, 1982 को भारत के तत्कालीन विदेश मंत्री और बांग्लादेश के तत्कालीन विदेश मंत्री के बीच और 26 मार्च, 1992 को भारत के विदेश सचिव और बांग्लादेश के अतिरिक्त विदेश सचिव के जरिए लागू किया गया था। यह पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में स्थित है। बांग्लादेशी नागरिक बिना वीजा/पासपोर्ट के भारतीय जमीन से होकर गुजरते हैं। 2015 में जब मोदी सरकार आई तो इन्होंने आपस में एक्सचेंज कर लिया। बोला कि ऐसा ठीक नहीं लगता कि बांग्लादेश के बीचों-बीच भारत के कुछ सीमा है तो एक्सचेंज कर दिया। लेकिन एक जगह ऐसी है जिसको कहते हैं दाहा ग्राम अंगार कोटा इनक्लेव हम इसकी आबादी बहुत बड़ी मतलब बहुत बड़ा ये इनक्लेव है क्षेत्रफल काफी ज्यादा है और आबादी 21000 परिवार वहां पर है। भारत चाहे तो अपनी जमीन वापस ले सकता है, इसमें कोई अंतरराष्ट्रीय बाध्यता नहीं है। ये पूर्ण रूप से भारत की उदारता पर निर्भर है।

# मेकअप में चाहिए नयापन? ये 3 लिपस्टिक शेड्स हर भारतीय स्किन टोन पर देंगे परफेक्ट लुक

मेकअप प्रेमियों के लिए, यह लेख हर स्किन टोन पर खिलने वाले तीन लेटेस्ट लिपस्टिक शेड्स का विश्लेषण प्रस्तुत करता है, जो आपके लुक को निखारेंगे। ब्राउन, चेरी रेड और मॉव कलर लिपस्टिक के फायदे बताते हुए, यह बताता है कि कैसे सही शेड का चुनाव मेकअप को आकर्षक बना सकता है। अगर आपको मेकअप करना बेहद पसंद है और आप हमेशा से मेकअप के नए-नए प्रोडक्ट ट्राई करते रहते हैं तो ये लेख आप के लिए है। आमतौर पर महिलाओं को मेकअप करना खूब पसंद होता है, ऐसे में वे अक्सर मेकअप प्रोडक्ट खरीदती रहती हैं।

महिलाओं की रोजमर्रा लाइफ में लिपस्टिक की खास अहमियत है। लिपस्टिक के बिना मेकअप अधूरा है, लिपस्टिक ही मेकअप की जान है। अगर आप अपने स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक का चयन करना चाहिए। अक्सर होता है कि हम गलत कलर का चूज कर लेते हैं। इस बार आप ऐसे सही शेड्स का



चूज करेंगे, तो आपका मेकअप भी खूबसूरत नजर आएगा। इस लेख में हम आपको बताएंगे ऐसे लिपस्टिक शेड्स के बारे में, जो हर स्किन टोन पर लगा सकते हैं।

**ब्राउन शेड लिपस्टिक करें अप्लाई**

ब्राउन लिपस्टिक शेड्स हमेशा ट्रेड में रहता है और यह हर स्किन टोन पर सूट भी करता है। यह आपके लुक को काफी निखारता है। यदि आपके लिप्स ज्यादा ही ड्राई रहते हैं, तो ऐसे में आप ग्लॉसी लिपस्टिक को ट्राई करें। आप चाहे तो मैट लिपस्टिक भी अप्लाई कर सकते हैं।

**चेरी रेड लिपस्टिक करें अप्लाई**

अगर आप अपने मेकअप लुक को बोल्ड टच देना चाहते हैं, तो ऐसे में आप डार्क कलर लिपस्टिक लगाने की सोचते होंगे। इसकी जगह आप चेरी रेड लिपस्टिक को ट्राई कर सकते हैं। चेरी रेड कलर की लिपस्टिक हर स्किन टोन पर अच्छी लगती है। इसके साथ ही इससे लुक भी सुंदर नजर आता है। इस तरह की लिपस्टिक को आप चाहें तो ग्लॉसी या मैट दोनों में ले सकते हैं।

**मॉव कलर लिपस्टिक करें अप्लाई**

यदि आपको न्यूड शेड ज्यादा पसंद है, तो आप ऐसे में मॉव कलर लिपस्टिक को अप्लाई कर सकते हैं, इससे आपका लुक भी अट्रैक्टिव दिखेगा। इससे आपका लुक बेहद शानदार दिखाई देगा। इस तरह के मॉव कलर वाली लिपस्टिक आपको मैट और ग्लॉसी दोनों मिल जाएगी, यह आपके मेकअप लुक को भी काफी अट्रैक्टिव बनाएगा।

# पीसीओडी में करना है वेट लॉस, तो डाइट में शामिल करें ये इवनिंग स्नैक्स

शाम के समय अगर आपको हल्की भूख लग रही है तो ऐसे में मुट्ठीभर भुना हुआ चना खा सकती हैं। इसमें मौजूद प्रोटीन ना केवल क्रेविंग को कम करता है, बल्कि इससे ब्लड शुगर भी स्टेबल रहता है और ऐसे में फैट स्टोरेज कम होता है। साथ ही साथ, इससे आपको बहुत ज्यादा भूख भी नहीं लगती है। पीसीओडी में वेट लॉस करना काफी मुश्किल होता है और इसमें सबसे बड़ी बाधा होती है इवनिंग स्नैक्स। शाम के समय हमेशा कुछ उल्टा-सीधा खाने का मन करता है और ऐसे में पूरी डाइट खराब हो जाती है। कभी हम चाय के साथ बिस्किट खा लेते हैं तो कभी नमकीन और फिर हमें बाद में गिल्ट होता है। हो सकता है कि आप भी इसी चक्र में फंसी हुई हो, लेकिन आपको वास्तव में परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आप अपने इवनिंग स्नैक्स को थोड़ा स्मार्टली चुनें तो ऐसे में आपको अपने टेस्ट के साथ भी कोई समझौता नहीं करना पड़ेगा और आप अपनी हेल्थ का ख्याल भी रख पाएंगे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही इवनिंग स्नैक्स के बारे में बता रहे हैं, जो पीसीओडी में



अच्छा ऑप्शन साबित हो सकते हैं- शाम के समय अगर आपको हल्की भूख लग रही है तो ऐसे में मुट्ठीभर भुना हुआ चना खा सकती हैं। इसमें मौजूद प्रोटीन ना केवल क्रेविंग को कम करता है, बल्कि इससे ब्लड शुगर भी स्टेबल रहता है और ऐसे में फैट स्टोरेज कम होता है। साथ ही साथ, इससे आपको बहुत ज्यादा भूख भी नहीं लगती है।

**पनीर वेज बाउल**

पनीर को हार्मोन बैलेंस के लिए कए अच्छा प्रोटीन माना जाता है। आप लगभग 50-70 ग्राम पनीर और खीरा व टमाटर से एक अच्छा बाउल तैयार करें। इससे पेट देर तक भरा रहता है। अगर आप इन दिनों वेट लॉस पर हैं तो ऐसे में आप लो फैट पनीर का इस्तेमाल करें।

**स्प्राउट्स चाट**

शाम के समय स्प्राउट्स की चाट खाना भी अच्छा विचार माना जाता है। इसके लिए आप स्प्राउट्स मूंग में नमक व नींबू डालकर मिक्स करें। इसमें मौजूद फाइबर डाइजेशन को बेहतर बनाता है। साथ ही साथ, अगर आपको पीसीओडी में कब्ज की शिकायत रहती है तो इसमें भी आपको फायदा मिलता है। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि आप इसे शाम में ही खाएं, रात में नहीं।

# सर्दियों की ठिठुरन मिटाएं: भारत की ये 5 गर्माहट भरी जगहें बनेंगी परफेक्ट विंटर गेटव

सर्दियों के मौसम में सुबह उठते ही रजाई छोड़ने का मन नहीं करता और नहाने का नाम लेते ही कंपकंपी शुरू हो जाती है। यदि आप भी इस कड़ाके की ठंड से बचना चाहते हैं, तो किसी शानदार बीच वैकेशन पर जाना बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप भी इन बीच प्लेसेस पर जरुर घूमने जा सकते हैं। सर्दियों के मौसम में सुबह उठते ही रजाई छोड़ने का मन बिल्कुल भी नहीं करता है। नहाने के नाम से कंपकंपी शुरू हो जाती है। अगर आप भी ठिठुरन वाली सर्दी से बचना चाहते हैं, तो आप शानदार बीच वैकेशन पर जा सकते हैं। आने वाले दिनों में उत्तर भारत में ठंड का ऐसा कहर देखने को मिलेगा किह कि सूरज देवता भी कोहरे की चादर ओढ़कर सो रहे होंगे। चार-चार स्वेटर पहनने के बाद भी जब ठंड हड्डियों तक पहुंचने लगे, तो समझ आता है कि सर्दी अपने चरम पर है। ऐसे में आपके मन में एक ही सवाल आता है कि काश कही थोडी धूप और हल्की गर्माहट मिल जाए। ऐसे में आप सर्दी में विटामिन डी यानी भरपूर धूप लेने के लिए समुद्र



की लहरों में छुट्टियां बिता सकते हैं। इस लेख में हम आपको 5 ऐसी जादुई जगहों के बारे में बताएंगे, जहां पर आप सर्दी में छुट्टी मनाने के लिए जा सकते हैं।

**गोवा**

सर्दियों में धूप का नाम लिया जाए और गोवा का ख्याल न आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। जब बाकी देश स्वेटर में ठिठुर रहा होता है, तब गोवा में लोग टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहनकर समुद्र किनारे मजे कर रहे होते हैं। दिसंबर और जनवरी में यहां का मौसम न तो बहुत गर्म होता है और न ही ठंडा बिल्कुल परफेक्ट होता है। ठंडी ड्रिंक्स के साथ सनबाथ लेने का मजा ही कुछ और है।

**पुडुचेरी**

अगर आप शोर-शराबे से दूर जाना चाहते हैं, तो पुडुचेरी जरुर जाएं। यहां की फ्रेंच वास्कुला, रंग-बिरंगे घर और खूबसूरत समुद्र तट आपको एकदम हटके फील कराएंगे। पुडुचेरी का मौसम इतना प्यारा है कि आप आराम से साइकिल चलाकर पूरा शहर घूम सकते हैं। इधर आप फ्रेंच कैफे में बैठकर फ्रेच खाने का मजा ले सकते हैं।

**अंडमान और निकोबार**

यदि आपका बजट जबरदस्त है, तो आप अंडमान और निकोबार घूमने जा सकते हैं। यहां का नीला पानी और सफेद रेत आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। यहां आप स्कूबा डाइविंग जैसे वॉटर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते हैं। अंडमान और निकोबार में पानी के अंदर की दुनिया देखने के लिए सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। इस मौसम में यहां का पानी एकदम साफ और शांत नजर आता है।

**गोकर्ण, कर्नाटक**

अगर आप गोवा नहीं जाना चाहते हैं, तो इस ऑफबीट जगह पर जरुर जाएं। भीड़भाड़ से दूर गोकर्ण एक छिपा हुआ खजाना है। यहां के ओम बीच और कुडल बीच बेहद ही शांत और साफ है। इसके अलावा, आप यहां पर मंदिर के दर्शन के साथ ही समुद्र की लहरों का आनंद ले सकते हैं। यहां पर आप डूबते हुए सूरज देखने का नजारा का आनंद ले सकते हैं।

**केरल**

केरल को' कहा जाता है। यहां की हरियाली और बैकवाटर्स सर्दियों में और भी खूबसूरत हो जाते हैं। यहां पर आप मुन्नार के चाय बागनों में घूम सकते हैं या अल्लेप्पी में हाउसबोट पर रहकर पानी के बीच सुकून के पल बिता सकते हैं। यहां पर आपको नॉर्मल मौसम मिलेगा, क्योंकि यहां ठंड नहीं पड़ती, बल्कि हल्की-मीठी सी ठंडक होती है, जो काफी सुकून पहुंचाती है।

# अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह द्वारा ठंड और शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्थाई एवं अस्थाई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वि/रा वान्या सिंह द्वारा जनपद में ठंड और शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कल देर रात 10:30 बजे जनपद मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड सहित स्थाई एवं अस्थाई रैन बसेरों तथा अलाव जलाए जाने वाले मुख्य चौराहों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने वहां ठहरे हुए निराश्रित व्यक्तियों से बातचीत की और उपलब्ध सुविधाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि रैन बसेरे में प्रवास करने व्यक्तियों के लिए सर्दी से बचाव के लिए सभी आवश्यक चीजें मौजूद रहें, रैन बसेरे में यदि कोई खिड़की, दरवाजे या शीशे टूटे हुए हों तो तत्काल उन्हें दुरूस्त कराएं ताकि ठण्ड एवं हवा का प्रवेश न हो सके। उन्होंने रैन बसेरे में जरूरत के मुताबिक लकड़ियों की उपलब्धता, ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरों के बाहर और प्रमुख चौराहों पर नियमित अलाव जलाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि रैन बसेरों में रहने वाले लोगों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए और उनकी आवश्यकताओं का समय पर पूरा करना भी सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# जूनियर क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन, चौधरीयान क्लब बना विजेता



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर स्योहारा ।नगर के मोहल्ला इस्लामनगर मे किसान क्लब की और से जूनियर अंडर-10 क्रिकेट टूनार्मेंट कराया गया गया जिसमें 8 टीमों ने भाग लिया ! फाइनल मैच इस्लामनगर व चौधरीयान क्लब के बीच खेला गया जिसमें चौधरीयान क्लब की टीम विजेता रहीं ! मुख्य अतिथि यूथ सोसाइटी अध्यक्ष तनवीर चौधरी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए सबकी हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आजकल बच्चे मोबाइल के चक्कर मे शारीरिक खेलों पर ध्यान नहीं दे रहे है क्रिकेट, समान्य ज्ञान प्रतियोगिता, दोड़, बैडमिंटन आदि खेलों को आयोजन होता रहना चाहिए जिससे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को बढ़ाया जा सके ! टूनार्मेंट का आयोजन शहाबुद्दीन चौधरी व शब्ली चौधरी द्वारा कराया गया ! टूनार्मेंट को सफल बनाने मे मूसब चौधरी, आमिर चौधरी, मुकीद अहमद, डॉ तालिब, हैदर चौधरी, आदि युवाओं का विशेष योगदान रहा !

# अवैध खनन रोकने के लिए आरटीओ एवं खनन निरीक्षक द्वारा भागूवाला चेक पोस्ट पर किया गया प्रवर्तन कार्य, 07 वाहनों का किया गया चालान

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में जिले में परिवहन खनन विभाग की टास्क फोर्स टीम द्वारा ओवरलोडिंग अवैध खनन की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के तहत के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पीटीओ प्रवर्तन एवं खान निरीक्षक व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बिजनौर द्वारा जिले में अवैध खनन एवं परिवहन पर अपेक्षित नियंत्रण स्थापित करने के लिए संयुक्त रूप से जांच की गई। बताया कि निरीक्षण के दौरान द्वारा वाहनों की फिटनेस सही न पाए जाने, सीट बेल्ट का उपयोग न करने, बीमा न होने, अवैध पार्किंग आदि में के मामलों में 04 वाहनों का चालान के अलावा उप संभागीय परिवहन अधिकारी परिवर्तन द्वारा नंबर प्लेट क्षतिग्रस्त पाए जाने पर तीन वाहनों का ऑनलाइन चालान भी किया गया। उन्होंने बताया कि भागूवाला चेक पोस्ट पर किए गए प्रवर्तन कार्य के दौरान तथा खनन से संबंधित लगभग 30 वाहनों की आईएसटीपी जांच की गई। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन रोकने के लिए नियमित रूप से जांच की जाएगी।

# ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद महावतपुर बिल्लोच में भू-माफियाओं के हौसले बुलंद, सार्वजनिक तालाब पर अवैध कब्जे का प्रयास नजीबाबाद। तहसील क्षेत्र के ग्राम महावतपुर बिल्लोच में भू-माफियाओं द्वारा सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा करने का एक गंभीर मामला सामने आया है।

यहाँ सती माता मंदिर के समीप स्थित प्राचीन तालाब, जो ग्रामीणों और मवेशियों के लिए जल का मुख्य स्रोत है, उसे मिट्टी डालकर पाटने की कोशिश की जा रही है ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन भू-माफियाओं की इस अवैध गतिविधि से आक्रोशित ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुँचे। उप जिलाधिकारी (रऊट) की अनुपस्थिति में ग्रामीणों ने तहसीलदार नजीबाबाद को ज्ञापन सौंपकर मामले की शिकायत की। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ रसूखदार लोग तालाब के अस्तित्व को मिटाकर उस पर कब्जा करना चाहते हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होगा बल्कि गाँव के पशुओं के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा हो जाएगा गरीबों के हक पर डाका ग्रामीणों ने कहा कि यह तालाब गाँव की सार्वजनिक संपत्ति है और इसका भराव करना सीधे तौर पर गरीब ग्रामीणों के अधिकारों का हनन है। उन्होंने मांग की है कि तालाब में डाली गई मिट्टी को तुरंत हटवाया जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में कोई सरकारी संपत्ति को नुकसान न पहुँचा सके प्रदर्शन में ये रहे मौजूद ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से रोहिताश, सुभाष, संजय, हरीश कुमार, पंकज कुमार, उमराव सिंह सहित दर्जनों ग्रामवासी उपस्थित रहे। तहसीलदार ने ग्रामीणों को उचित जांच और कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# शिवलिंग-नंदी खंडित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर के धामपुर थाना क्षेत्र में नए साल के मौके पर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश नाकाम हो गई है। पुलिस ने गांव सरकड़ा चकराजमल में मंदिर के बाहर स्थापित शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को खंडित करने के आरोप में विदित राजपूत को गिरफ्तार किया है ।यह घटना शनिवार सुबह सामने आई। ग्रामीणों ने शनिवार सुबह मंदिर परिसर में शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त पाया। इस घटना से गांव में तनाव फैल गया और लोगों में आक्रोश देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया ।पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और जांच तेज की। सीओ धामपुर अभय कुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपी विदित राजपूत इसी गांव का निवासी है। उसने बीती रात नशे की हालत में इस वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है ।घटना के बाद हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील भी की। ग्रामीणों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुलिस ने इलाके में अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी है।

# धौलपुर पुलिस बैडमिंटन टूनार्मेंट 2026 का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में पुलिस कर्मियों में खेल भावना जागृत करने, टीम भावना विकसित करने तथा खिलाड़ियों को नियमित रूप से खेलकूद से जुड़ने के लिए प्रेरित करने एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति पुलिसकर्मियों को सजग करने के उद्देश्य से धौलपुर पुलिस बैडमिंटन टूनार्मेंटझ्र2026 का आयोजन किया गया। धौलपुर पुलिस द्वारा आयोजित यह बैडमिंटन टूनार्मेंट दिनांक 3 जनवरी 2026 को बृज बैडमिंटन अकैडमी, सुरजीत नगर, हुंडवाल रोड, धौलपुर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस खेल आयोजन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अनुशासन, उत्साह एवं खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। टूनार्मेंट का उदघाटन वैभव शर्मा फढर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, धौलपुर द्वारा रैकेट से शटल मारकर किया गया।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्री निधि बी.टी. कअर, सम्मानित अतिथि श्री ए. निवृत्ति सोमनाथ कअर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद धौलपुर तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती मितिका दहिया, कफर (पुलिस अधीक्षक धौलपुर की धर्मपत्नी), उप आयुक्त आयकर, जयपुर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। फाइनल मुकाबले की पश्चात आगंतुक अतिथिगणों ने मैत्री मैच भी खेला।

# विष्णु भारद्वाज बने विद्यार्थी परिषद के प्रांत छात्रशक्ति सहसंयोजक



**धौलपुर राजस्थान ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 61 वे प्रांत अधिवेशन में विष्णु भारद्वाज को प्रांत छात्रशक्ति सहसंयोजक बनाया गया, जो छात्रों और युवाओं के नेतृत्व, शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देता है। विष्णु भारद्वाज विद्यार्थी परिषद के सक्रिय एवं अनुभवी कार्यकर्ता रहे हैं। इन्होने पूर्व इकाई उपाध्यक्ष, नगर कार्यकारी सदस्य, जिला एसएफएस संयोजक, जिला सोशल मीडिया संयोजक एवं प्रांत सोशल मीडिया सहसंयोजक जैसे दायित्व का निर्वहन किया है। संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रियता एवं छात्र हितों के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए परिषद ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। विष्णु भारद्वाज मूलत: धौलपुर जिला के चितौरा गांव के निवासी हैं, प्रांत अधिवेशन में अलग अलग प्रांतों से आए कार्यकताओं ने इस घोषणा का स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में एबीवीपी का संगठनात्मक विस्तार एवं छात्र हितों से जुड़े कार्य और अधिक सशक्त होंगे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान ।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा एवं राज्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेश की पालना में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिला यातायात के सहयोग से मनाएं जा रहे माह के अंतर्गत रेल्वे स्टेशन, गुलाब बाग चौराहे पर टेंपो चालकों के बीच समझाइश अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि टेंपो चालकों के बीच संघन समझाइश अभियान चलाया गया है। टेंपो चालकों को पंपलेट वितरित की गई है। पता होना यातायात नियमों की पालना करने के लिए हिदायत दी गई है। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत में चालकों से कहा कि वह सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा जब भी सड़क पर कोई दुर्घटना में घायल आपको दिखाई दे तो तत्काल प्रभाव से उसे नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर मानव धर्म निभाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा आपसे किसी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं की जाएगी और राजस्थान सरकार द्वारा गुड सेमीरेटन के रूप में आपको सम्मानित किया जाएगा। जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि मानव धर्म को ऊपर रखते हुए घायलों को चिकित्सालय पहुंचाएं और सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने टेंपो चालकों से कहा कि क्षमता से अधिक सवारियां वाहन में ना बैठाएं। कोहरे के समय रिफ्लेक्टर का उपयोग करें। वह वाहन की हेड लाइट दुरुस्त रखें, तथा वहां के सभी जरूरी दस्तावेज अपडेट रखें। इस अवसर पर यातायात विभाग की ओर से एएसआई महेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल बीना सिंह, गुंजन, अशोक, देवेंद्र सिंह, राजकुमार व राजवीर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# धौलपुर में सर्दी में गोवंश को मिला देसी गुड़ विहिप बजरंग दल द्वारा धौलपुर शहर में की गौ सेवा

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान ।** कड़ाके की ठंड के बीच विहिप बजरंग दल एव श्री राम गौ धाम ने बेसहारा गोवंश की सेवा का बीड़ा उठाया है। देर शाम धौलपुर क्षेत्र में राजाखेड़ा बाई पास से लाल बाजार तक बैठे दर्जनों गोवंशों को संगठन के कार्यकताओं ने देसी गुड़ खिलाकर सर्दी से बचाने का प्रयास किया। यह सेवा कार्य बजरंग दल के प्रखण्ड गौ रक्षक रितिक यादव एव भानु राजपूत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। श्री राम गौधाम के सचिव राम शर्मा ने बताया कि ठंड के मौसम में खुले में रहने वाले गोवंश को भोजन और गर्मी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए, संगठन द्वारा नियमित रूप से ऐसे स्थानों पर पहुंचकर गोवंश को गुड़, चारा आदि खिलाया जा रहा है। साथ ही घायल बीमार गौवंशो को पुरानी छावनी स्थित गौधाम पर उपचार एव देखरेख हेतु रखा जाता हैं नरेश कुमार ने जानकारी दी कि सर्दियों के पूरे मौसम में गोवंश की सेवा का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि आवश्यकता पड़ने पर अलाव की व्यवस्था कर गोवंश को ठंड से राहत प्रदान की जाएगी। सनातनी गौसेवक राम शर्मा ने जोर देकर कहा कि गोवंश की सेवा करना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य भी है। संगठन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी गोवंश ठंड, भूख या उपेक्षा का शिकार न हो। इस सेवा कार्य के दौरान नरेश कुमार रितिक यादव भानु राजपूत सीनू गुर्जर विजेंद्र राज बघेला भूरा बघेला विष्णु यादव निखिल यादव किशन यादव अमन शेठी अभिषेक यादव सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना फतेहपुर,थाना गागलहेडी,थाना सदर बाजार,थाना नागल,थाना सरसावा एवम थाना गंगौह प्रभारियो की बडी कार्रवाई

वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी




**सहारनपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र-डीआईजी अभिषेक सिंह के सख्त एक्शन के चलते एसएसपी/डीआईजी आशीष तिवारी,एसपी सीटी व्योम बिंदल एवम एसपी देहात सागर जैन के दिशा निर्देश पर। थाना फतेहपुर प्रभारी विनय शर्मा के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम की बड़ी कार्रवाई,धारदार हथियारों से हमला बोलने वाला चैकिंग के दौरान हुआ गिरफ्तार। थाना गागलहेडी प्रभारी पीयूष दीक्षित की पुलिस टीम को भी मिली जबरदस्त कामयाबी,महिला से छेड़छाड़ करने वाला हुआ गिरफ्तार। थाना सदर बाजार प्रभारी कपिल देव के कुशल नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने भी पकडे,जानलेवा हमला करने वाले 3 बाप बेटे,घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी हुई बरामद इंस्पेक्टर कपिल देव की पुलिस टीम ने किया चोरी की घटना का सफल,पकड़े गए शातिर चोर 6 किलो 100 ग्राम तार एवम एक नाजायज चाकू हुआ बरामद,पकड़े गए इस शातिर चोर का अपराधिक इतिहास भी निकला चौंकाने वाला थाना नागल प्रभारी राजकुमार चौहान की पुलिस टीम की भी बड़ी कार्रवाई,2/3 गैंगस्टर एक्ट के मुकद्दमे में फरार बदमाश हुआ गिरफतार,एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद पकड़ा गया यह बदमाश शोएब मीरपुर मोहनपुर रेलवे ? ओवर ब्रिज के पास से घेराबंदी के दौरान गिरफ्तार,पकड़ा गया यह बदमाश पहले भी आर्मस एक्ट/मर्डर सहित 4 मामलो में जेल जा चुका है तथा गैगेस्टर एक्ट में फरार चल रहा था।

थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा की पुलिस एवम राजस्व विभाग की संयुक्त टीम खनन माफियाओं पर चला जोरदार चाबुक,रेत से ओवरलोड एक डंपर एवम ट्रेक्टर ट्राली हुई सीज थाना गंगौह प्रभारी संजीव कुमार की पुलिस टीम ने पोक्सो एक्ट में फरार अभियुक्त को विधार्थी तिराहे से किया गिरफतार। सहारनपुर इस समय पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र-ऊकऋ अभिषेक सिंह के सख्त एक्शन के चलते एवम ररढ/ऊकऋ आशीष तिवारी,रढ उकळ व्योम बिंदल एवम रढ ऊएलअळ सागर जैन के दिशा निर्देश पर जनपद भर में पुलिस की अपराधियों पर धड़ाधड़ कार्रवाई चल रही है ।उनके इन्हीं दिशा निर्देशों का सख्ती के साथ हमेशा पालन करने वाले थाना फतेहपुर प्रभारी विनय शर्मा के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक सजल कुमार ने अपने सहयोगी दल के सहयोग से जबरदस्त कामयाबी हासिल करते हुए फरकपुर नवादा निवासी इमरान पर धारदार हथियारो से हमला बोलकर उसकी उंगली काटकर भाग जाने वाले एक अभियुक्त वसीम पुत्र जमील ? निवासी ग्राम फरकपुर नवादा को भोगपुर पुलिया मुजफ्फराबाद गांव भोगपुर की और जाने वाली सड़क से घेराबंदी करते हुए गिरफतार कर लिया ।इसके अलावा थाना गागलहेडी प्रभारी पीयूष दीक्षित के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम सब इंस्पेक्टर सौरभ यादव ने अपने सहयोगी दल के सहयोग से जबरदस्त कामयाबी हासिल करते हुए नये साल वाले दिन ? शौच के लिए जा रही एक महिला के साथ छेड़छाड़ के वांछित आरोपी अरूण कुमार पुत्र रामपाल निवासी ग्राम फखरैडा को दबिश के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया ।यह कार्रवाई इंस्पेक्टर पीयूष दीक्षित के दिशा निर्देशों के चलते की गई ।जबकि थाना सदर बाजार प्रभारी कपिल देव के कुशल नेतृत्व वाली पुलिस टीम सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार एवम सुरेन्द्र शर्मा ने अपने सहयोगी दल के सहयोग से जबरदस्त कामयाबी हासिल करते हुए वादी दिनेश कुमार के घर में घुसकर कुल्हाड़ी/छुरी एवम हथौडा से जानलेवा हमला करने वाले 3 अभियुक्त बाप/बेटो विजयपाल सिंह पुत्र नवल सिंह,नीरज पुत्र विजयपाल सिंह एवम विपिन पुत्र विजयपाल सिंह तीनों ही निवासी हसनपुर को पंत विहार के गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया ।पकड़े गए तीनो ? वांछित अभियुक्तो से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है।

# सावित्री फुले के आदर्शों पर चलने का संकल्प, समाजवादी पार्टी ने मनाई जयंती

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती आज जनपद में धूमधाम से बनाई गई। गांव अड़ींग में सेहरा पायसा में महिलाओं ने रैली निकाली। इधर शहर के डेंपियर नगर में समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष श्रीमती रितु गोयल जी की अध्यक्षता में सोल्लास जयंती समारोह हुआ।

शहर में सैकड़ो की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं महिलाओं ने सहभागिता की। इस दौरान सावित्रीबाई फुले जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित दी गई तथा उनके शिक्षक, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समानता के लिए किए गए संघर्ष को याद किया गया। महानगर अध्यक्ष रितु गोयल ने कहा कि सावित्री जी ने उस दौर में महिला और वंचित समाज के लिए शिक्षा का दीप जलाए जब उसकी कल्पना भी कठिन थी । आज समाज को उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है ।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य प्रहलाद यादव, डा. राजन रिजवी प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक सभा , महानगर उपाध्यक्ष सज्जन क्रांति , विधानसभा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग अनिल निषाद, अनुसूचित जाति महानगर अध्यक्ष मनीष आजाद, राजेश उर्फ हप्पू यादव, गिर्प्राज प्रसाद कश्यप, कैलाश निषाद, कोमल किशोर शर्मा, जय शर्मा, इमरान अब्बास, महानगर अध्यक्ष यूथ बिग्रेड मुकेश गोयल, मजदूर सभा महानगर अध्यक्ष मुकेश सैनी राकेश यादव, गिरिराज कश्यप, गजेंद्र सैनी, गिर्राज कश्यप, गुड्डी, कमलेश, राखी, सुनीता, गीता, राधा, रिंकी, सीमा, लक्ष्मी, निशा, कल्पना, रेनू, कुंती, मीना, बबीता, नानक निषाद आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं माता बहनें एकत्रित हुए ।

कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा वर्ग महानगर अध्यक्ष देवकीनंदन कश्यप ने किया इधर गांव अड़ींग में सैनी धर्मशाला से महिला पुरूषों ने सावित्री बाई फुले की जयंती पर गांव में पथ संचलन किया। जयघोषों के साथ उनके आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में प्रताप सैनी, अजीत सैनी, राम खिलाड़ी बघेल, चन्दो सविता, शेर सिंह, बबलू शंकर , किशन सैनी, चंदों, सोहनलाल, शकुन्तला, तुलसा, अनारदेवी, सरोज, प्रेमवती, कृष्णा, प्रीति, ज्योति, छवि आदि ने भाग लिया। अध्यक्षता शकुन्तला ने व संचालन कु. ज्योति ने किया।

## समाज सेवी विकाश तिवारी के पिता के पुण्य तिथि पर ठंड से राहत के लिए बुजुर्गों व गरीबों में बांटे गए कंबल

**वाराणसी।** स्व.पंडित चंद्र शेखर तिवारी के पुण्य तिथी पर ब्लॉक बड़ागांव अंतर्गत ग्राम सभा कैथौली में 300 बुजुर्गों और असहाय लोगों को ठंड से राहत के लिए कम्बल का किया गया वितरण कंबल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सचिव) उपस्थित रहें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कू हनुमान जी के पीठाधीश्वर रिंकू महाराज व समाज सेवी पंडित विमल मिश्रा राजू व विशिष्ट अतिथि भावी ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी शरद सिंह भीम एवं वरिष्ठ समाजसेवी मधुकर पाठक,कमला पटेल,सौरभ गौर,डॉ सरोज पाण्डेय,रमाशंकर तिवारी,समाजसेवी सिंटू पाण्डेय, अभिताभ दुबे संस्थापक अभ्युदय सेवा समिति,विकास तिवारी आदि रहे।

# पीरनगर में सावित्रीबाई फूले का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** जनपद हापुड़ के सिंभावली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीरनगर में महान समाज सुधारिका एवं नारी शिक्षा की अग्रदूत सावित्रीबाई फूले का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतपाल यादव (चेयरमैन) ने प्रतिभाग किया। उन्होंने सावित्रीबाई फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन संस्थापक आचार्य अभयराज शास्त्री द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण एवं तिरंगा पट्टी पहनाकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान देवेंद्र ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करने और उनके उत्थान के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। वहीं वर्तमान प्रधान संदीप कुमार ने खिलाड़ियों को ?500 की राशि देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों में हर प्रकार से सहयोग देने का वादा किया।

मुख्य अतिथि सतपाल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की प्रगति के लिए बेटियों को भी बेटों के समान सम्मान और अवसर देना आवश्यक है। उन्होंने संस्थापक आचार्य अभयराज शास्त्री को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं।

कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण कर विदा किया गया। इस अवसर पर प्रधान देवेंद्र प्रथम, पिंटू प्रधान, तिगरी से नरेश सैनी, हिम्मतपुर, खुलडिया के ग्रामीण, रामा टेंट वाले, दीवान जी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### फायरिंग कर जानलेवा हमला करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध असलहा बरामद




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम श्यामपुर जट्ट निवासी कर्मवीर सिंह पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने की घटना में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा भी बरामद किया गया है। अभियुक्त द्वारा पूर्व में पीड़ित पर फायरिंग कर गंभीर रूप से घायल करने के उद्देश्य से जानलेवा हमला किया गया था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था।थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कानूनी कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी अभियान जारी रहेगा।

### राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने कोतवाली प्रभारी व थाना अध्यक्ष का किया सम्मान



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई हापुड़ के तत्वावधान में संस्था के प्रदेश प्रवक्ता एवं हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी के नेतृत्व में एक शिष्टाचार भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हापुड़ कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार पांडेय तथा थाना अध्यक्ष हापुड़ देहात नीरज कुमार को उनके पदभार ग्रहण करने पर पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में दोनों अधिकारियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल की कामना की गई। संस्था पदाधिकारियों ने कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने में पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।इस अवसर पर संस्था की महिला ब्रिगेड अध्यक्ष मोनिका त्यागी, जिला सचिव मुकेश प्रजापति, जिला प्रवक्ता गुलशन त्यागी तथा जिला सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नीमा संस्था के चिकित्सकों ने दी डीएम और सीडीओ को नव वर्ष की शुभकामनाएं



**सिद्धार्थनगर।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन की सिद्धार्थनगर इकाई ने नवागत जिला अधिकारी शिवशरणप्पा जी एन और सीडीओ बलराम सिंह से भेंटकर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नीमा के संरक्षक डॉ के पी पांडे ने उन्हें बताया है कि नीमा एक राष्ट्रीय स्तर की आयुष चिकित्सकों की संस्था है जो सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग देती रहती है। इस अवसर पर डॉ कमलेश मिश्रा, डॉ रफीउद्दीन खां, डॉअहमद हुसैन,डा आर एन जायसवाल और श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष डॉ जावेद कमाल आदि उपस्थित रहे।

## केएम हॉस्पिटल ने की निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर नववर्ष की शुरूआत



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने नये साल के शुभारंभ अवसर पर ब्रजवासियों के अच्छे स्वास्थ्य मुहैय्या कराने के लिए अपने केएम हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम को गांव-गांव भेज रहे है, ताकि अधिक ठंड के चलते लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, उन्हें उनके ही गांव व घर पर निःह्यशुल्क स्वास्थ्य सेवा मिल सके। इसी कड़ी में केएम हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम ने पहले दिन गांव अडूकी, तारसी में निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाया, जिसमें केएम मेडिकल एंड कालेज के डा. विशेष मोहन सक्सैना, डा. मनन, डा. श्रीचन्दना, डा. अभिषेक सिंह, डा. अनुज शर्मा, डा. तन्मय, डा. गीते जैन, डा. दीपक, डा. आंकाक्षा ने मेडीसन, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, बाल रोग व बीपी शुगर एवं हीमोग्लोबिन से ग्रस्त ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क परामर्श दिया। इस दौरान फामेर्सी विभाग ने निःशुल्क दवाएं भी वितरित की। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर बीमार लोगों को स्वस्थ कराना ही मेरी शुभकामना रही है, इस कैंप का मकसद जरूरतमंदों और परेशान मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाते हुए उन्हें निःशुल्क दवाई आदि देना है और भविष्य में भी आगे भी इसी तरह के कैम्पों का आयोजन किया जाता रहेगा।

# गांठौली मंडल में 22 जनवरी को होगा भव्य हिंदू सम्मेलन

**वेलकम इंडिया**



**गोवर्धन।** गांठौली मंडल, गोवर्धन खंड में आगामी भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, प्रचार-प्रसार तथा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से मुड़सेरस चौराहा, देवसेरस पर विशाल एवं ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

बैठक के दौरान कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि सम्मेलन को सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। अधिक से अधिक संख्या में मातृशक्ति, बहनों, युवाओं एवं हिंदू समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर गोवर्धन खंड हिंदू सम्मेलन के पालक ज्ञानेंद्र सिंह राणा ने कहा कि यह सम्मेलन हिंदुत्व की चेतना का प्रतीक बनेगा। इस मंडल का प्रत्येक हिंदू इस आयोजन में सहभागी बनेगा। इसे भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि यह सम्मेलन न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि समाज को एकता, संस्कार एवं राष्ट्रभाव का संदेश भी देगा। सभी कार्यकताओं ने पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया है।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रचारक गोवर्धन अमित, ज्ञानेंद्र सिंह राणा, बबलू शर्मा, विष्णु कौशिक, हरिओम पंडित, विष्णु स्वामी, चंद्र पहलवान, गोविंदा की पोशाक में उपस्थित कार्यकर्ता, रवि, चंद्रशेखर कौशिक, मुकेश सहित मंडल के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों के लिए कैंटीन का हुआ शुभारंभ

**वाराणसी।** सिगरा स्थित संपूणार्नंद स्टेडियम में आगामी 4 से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाली 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक मुस्तैदी तेज हो गई है इसी क्रम में शनिवार को स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया गयो इस क्रम में शनिवार को कमिश्नर एस राज लिंगम, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, डीआईजी शिवहरि मीणा ने स्टेडियम का निरीक्षण किया इस दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल से मैच की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की इनके मौके पर प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और खेल संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे जिन्होंने खेल मैदान,सुरक्षा मानकों और खिलाड़ियों की सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया । निरीक्षण के दौरान सबसे पहले माता अन्नपूर्णा का विधि-विधान से पूजन किया गया जिसके पश्चात खिलाड़ियों की सुविधा के लिए नवनिर्मित कैंटीन का उद्घाटन किया गया।

## बरेका केंद्रीय चिकित्सालय में किशोर रोटी बैंक द्वारा कम्बल का किया वितरण

**वाराणसी।** बरेका केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सा सभागार में कॉन्ट्रैक्ट लेबर के बीच ₹शीतऋतु में मानवता सेवा अभियान₹ के अंतर्गत किशोर रोटी बैंक द्वारा कम्बल का वितरण किया गया कार्यक्रम के अतिथि वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी विजय दुर्गा सिंह और जन संपर्क अधिकारी/बरेका,राजेश कुमार थे कार्यक्रम का संचालन बरेका वेलफेयर इंस्पेक्टर दीपेश पाण्डेय के द्वारा किया गया सीएनएस अंजना टॉड,कमला श्रीनिवासन, सीता सिंह,संजू लता, प्रतिभा सिंह,कृष्णा उपाध्याय,एलिविस्टर कुजूर, देवता नंद तिवारी,दीपेश पांडेय,राम सिंह, जयप्रकाश और किशोर रोटी बैंक से श्लोक सिंह,नितिन द्विवेदी,दीपांशु तिवारी, निहारिका सिंह और प्रतिमा तिवारी उपस्थित थे।

## दिव्य छप्पनभोग चखकर दिए गिरिराज प्रभु ने भक्तों को दर्शन, कोटा राजस्थान के भक्तों ने परोसे गिरिराज प्रभु को छप्पनभोग



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** विगत 27 वर्षों से श्री गिरिराज सेवा समिति, कोटा राजस्थान के भक्तगण गिरिराज धाम में अपने नववर्ष का शुभारंभ करते हैं। इस वर्ष भी गिरिराज प्रभु को छप्पन प्रकार के व्यंजन परोस कर भोग अर्पित किया। दो दिन के अखंड भंडारे में हजारों श्रद्धालुगण, साधू संतों एवं ब्राह्मणों को भोजन प्रसादी कराई गई। कमेटी अध्यक्ष रामचरण नागर ने बताया गिरिराज प्रभु की असीम कृपा है जो प्रति नववर्ष पर अपने धाम में सेवा का अवसर प्रदान करते हैं। नरेश राठौर ने बताया वह हरवर्ष की तरह इस वर्ष भी कोटा राजस्थान के श्रद्धालु भक्तो द्वारा राजा वाले मन्दिर पर गिरिराज महाराज को भव्य छप्पन भोग किया गया। भजन संध्या, कीर्तन और भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में 10 वर्षों में किए गए कार्यों की रिपोर्ट समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष को भेजी



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के वरिष्ठ समाजवादी नेता और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से दावेदार आशुतोष शर्मा ने गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में किए गए पिछले 10 वर्षों के कार्यों की रिपोर्ट जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर जी और पूर्व राज्य मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी भूषण त्यागी जी को दी

इस मौके पर समाजवादी पार्टी हापुड़ के सभी वरिष्ठ समाजवादी नेता मौजूद रहे।आशुतोष शर्मा ने जिला कार्यालय हापुड़ पर बताया गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में पिछले 10 वर्षों में शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य किया गया है।और समाजवादी विचारधारा को लाखों लोगों तक पहुंचाया गया है।आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में 50000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रूप से सम्मानित और लाभान्वित किया गया है।गढ़मुक्तेश्वर में जनता के बीच सबसे अधिक आशुतोष शर्मा लोकप्रिय है और 100 से अधिक कार्यक्रम समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में किए गए हैं।आशुतोष शर्मा ने बताया यदि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी भरोसा जताते हैं।और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से टिकट देकर जनता के बीच भेजते हैं।तो ऐतिहासिक वोटो से गढ़मुक्तेश्वर की सीट समाजवादी पार्टी जीतेगी आज गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में लाखों लोगों को हमने अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित किया है। और लाखों लोगों का प्यार और भरोसा आशुतोष शर्मा के साथ जुड़ा हुआ ह।2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार आए अखिलेश यादव जी मुख्यमंत्री बने इसके लिए हापुड़ जनपद में लगातार आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम चल रहे हैं।

# नगर पंचायत चौमुंहा में निर्माण कार्यों में धांधली का आरोप

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** चौमुहां नगर पंचायत प्रशासन और ठेकेदारों की मिलीभगत से कराए जा रहे विकास कार्यों में धांधली और लापरवाही का मामला गरमाता जा रहा है। स्थानीय निवासी जगन्नाथ सिंह ने निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री के प्रयोग और नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से जांच की मांग की है। जगन्नाथ सिंह का आरोप है कि कस्बे में बनाई जा रही सड़कों में मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान कहीं गिट्टी डाली जा रही है तो कहीं मिट्टी से ही काम चलाया जा रहा है। उनके आवास के समीप बन रही सड़क में पुरानी सड़क के ऊपर ही नाममात्र की गिट्टी डालकर इतिश्री की जा रही है। यही हाल चौमुंहा अड्डे पर चल रहे नाला निर्माण का है, जहाँ सीमेंट और मसाले के प्रयोग में भारी कटौती की जा रही है।

शिकायतकर्ता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य में नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराई जा रही है, जो बाल श्रम कानून का सीधा उल्लंघन है। जगन्नाथ सिंह के अनुसार, जब उन्होंने निर्माण संबंधी एस्टीमेट (बजट) देखने की मांग की, तो ठेकेदार ने मौके पर मौजूद रहने के बजाय फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और आग बबूला हो गया।

पीड़ित ने सीधे तौर पर नगर पंचायत प्रशासन को भी कठघरे में खड़ा किया है। उनका कहना है कि ठेकेदार और विभाग की मिलीभगत के कारण ही कस्बे में इस तरह का ₹घटिया₹ निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराई जाए और मानक के अनुरूप ही सड़कों का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। जगन्नाथ सिंह ने कहा कि सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार चरम पर है। विरोध करने पर ठेकेदार बदतमीजी करता है।

# उत्तरायणी मेले को भव्यता से आयोजित करने हेतु अधिकारी समय से पूरी करें तैयारी: सीडीओ

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,गोविन्द मेहता।** ऐतिहासिक और पौराणिक पहचान के प्रतीक उत्तरायणी मेले को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने विकास भवन में गूगल मीट के माध्यम से विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें वर्चुअल माध्यम से पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल भी सम्मिलित हुए।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने आगामी 13 से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि समय बेहद कम बचा है, इसलिए जिस भी अधिकारी को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे हर हाल में 10 जनवरी तक पूरा करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नालियों की सफाई, पुलों के रंग-रोगन और झाड़ियों के कटान का कार्य तत्काल पूर्ण करें। सीडीओ ने सख्त लहजे में कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी तोरण द्वार समय से तैयार हो जाने चाहिए।

मेले की भव्यता को लेकर उन्होंने सिंचाई विभाग को घाटों की विशेष सफाई और दीवारों की पुताई समय रहते पूरी करने को कहा। इसके अतिरिक्त, पर्यटन और खेल विभाग को निर्देशित किया कि वे आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की सूची पालिकाध्यक्ष के साथ समन्वय स्थापित कर अंतिम रूप दें।

# एबीवीपी से विधानसभा तक का थम गया सफर, प्रोफेसर-विधायक को फरीदपुर ने नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

वेलकम इंडिया/चरन सिंह





**बरेली।** फरीदपुर की राजनीति ही नहीं, पूरे जनमानस के दिलों में बसने वाले विधायक और प्रोफेसर डॉ. श्याम बिहारी लाल अब हमारे बीच नहीं रहे। शनिवार को जब स्टेशन रोड स्थित श्मशान भूमि पर उनके बेटे ने कांपते हाथों से पिता को मुखाग्नि दी, तो वहां मौजूद हर आंख नम थी। जैसे ही शक्ति नगर कॉलोनी स्थित उनके आवास से अंतिम यात्रा निकली, पूरा इलाका श्याम बिहारी लाल अमर रहें के नारों से गूंज उठा। हजारों लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। फरीदपुर का बाजार बंद हो गया। यह किसी आदेश का नहीं, बल्कि जनता के अथाह प्रेम और सम्मान का प्रमाण था।

वर्ष 2007 में उनकी बाईपास सर्जरी हुई थी। करीब तीन महीने पहले दिल्ली के अपोलो अस्पताल में एंजियोप्लास्टी भी कराई गई, लेकिन इसके बावजूद वे लगातार क्षेत्र के लिए सक्रिय रहे। बीमारी ने कभी उनके कर्तव्य को कमजोर नहीं किया। प्रो. श्याम बिहारी लाल सिर्फ एक विधायक नहीं थे, वे लोगों के अपने प्रोफेसर साहब थे जो हर किसी की बात सुनते थे, हर समस्या को अपनी समझते थे। सादगी उनकी पहचान थी और सेवा उनका संकल्प था। अंतिम यात्रा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, वन राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, ब्रज क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक संजीव अग्रवाल, एमपी आर्य, डीसी वर्मा, पूर्व मंत्री राजेश अग्रवाल, पूर्व विधायक धर्मेंद्र कश्यप, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, बहोरन लाल मौर्य सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, लेकिन भावनाओं को कोई रोक नहीं सका। आपको बता दें कि शुक्रवार को सर्किट हाउस में एसआईआर को लेकर कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की बैठक चल रही थी। बैठक के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत मेडिसिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने हृदयाघात से निधन की पुष्टि की। खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि बैठक के दौरान भी प्रो. श्याम बिहारी लाल अहिच्छत्र क्षेत्र के गुलड़िया गौरी शंकर मंदिर, पचौमी के मंदिर को पर्यटन से जोड़ने और नाथ कॉरिडोर को लेकर सुझाव दे रहे थे। उन्होंने बरेली के लिए पर्यटन बुकलेट बनाने, प्राचीन शिव मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों को उसमें शामिल करने की बात रखी थी। उनकी बातों की सराहना भी हुई लेकिन किसे पता था कि यह उनकी आखिरी बैठक होगी।

# बरेली दंगा :जेल से सुपारी ! गवाह की हत्या की खौफनाक साजिश

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता




**बरेली।** 26 सितंबर 2025 को शहर में भड़के दंगे का सिलसिला अब हत्या की साजिश तक पहुंच गया है। उन दंगों में शांति बनाए रखने में सहयोग करने और महत्वपूर्ण गवाही देने वाले मोहम्मद फिरदौस खां को अब अपनी जान का गंभीर खतरा है। फिरदौस ने आरोप लगाया है कि आईएमसी पार्टी से जुड़े जेल में बंद नेताओं और पार्षद अनीस सकलैनी के परिवार ने जेल के अंदर से ही उनकी हत्या की साजिश रची है। चक महमूद पुराना शहर निवासी मोहम्मद फिरदौस खां ने थाना बारादरी में दी तहरीर में बताया कि दंगों के दौरान उन्होंने प्रशासन और अपने समाज के साथ मिलकर शांति स्थापित करने में मदद की थी। उनकी गवाही के आधार पर ही आईएमसी के नगर अध्यक्ष व पार्षद अनीस सकलैनी, फैजुल नबी और मोईन उर्फ चोटी कटवा जैसे प्रमुख नाम दंगा मामलों में फंसकर जेल पहुंचे। 18 दिसंबर 2025 को अनीस सकलैनी के बेटे अदनान और उसके साथियों ने चमगादड़ वाले बाग के पास फिरदौस से मुलाकात की। गाली-गलौज के साथ कहा गया कि ₹तेरी वजह से हमारे नेता जेल में हैं, कोर्ट-कचहरी में 8 से 10 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं।₹ दो दिन के अंदर 10 लाख रुपये देने की मांग की गई, वरना ₹अंजाम बुरा₹ होगा। पीड़ित के अनुसार, 26 दिसंबर 2025 को उन्हें खबर मिली कि अनीस सकलैनी की पत्नी यासमीन जेल में बंद आरोपियों से मिलने गई। आईएमसी के वरिष्ठ नेताओं के इशारे पर फिरदौस की हत्या की योजना बनी। इस साजिश के तहत पीलीभीत जिले के बीसलपुर निवासी एक बदमाश को 5 लाख रुपये की सुपारी दी गई, जिसमें से कुछ रकम एडवांस में चुकाई जा चुकी है। सुपारी लेने वाला अपराधी अब पीड़ित के घर के आसपास मंडरा रहा है, जिससे पूरा परिवार दहशत में जी रहा है। यह घटना बरेली दंगों की जांच को नया मोड़ दे रही है। पहले से ही विवादित बयानों, दंगों में साजिश और अब गवाह को धमकाने-हत्या की कोशिश के आरोपों से मौलाना तौकीर रजा और उनकी पार्टी आईएमसी (इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद) की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ित ने तहरीर देकर सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार संक्षेप

### सेवा एवं समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण




**वाराणसी मिजार्मुराद।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के प्रकोप के बीच विधि का फाउंडेशन ने समाज सेवा का अतुल्य परिचय दिया है।संस्था द्वारा सुबह प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शूल टंकेश्वर मंदिर परिसर में कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।फाउंडेशन के इस पुनीत कार्य के तहत सैकड़ो गरीब और जरूरतमंदों को गर्म कंबल एवं भोजन प्रसाद का वितरण भी किया।फाउंडेशन के इस पुनीत कार्य और मानवीय प्रयास से सैकड़ो परिवारों को भीषण ठंड से तत्काल राहत मिली जो परोपकार की भावना को सशक्त करता है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निम्नलिखित सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदना शुक्ला, राष्ट्रीय सचिव सुनील कुमार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष धनेंद्र कुमार शुक्ला, सौरभ सिंह, राष्ट्रीय उपसचिव आशा सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरा पटेल, राष्ट्रीय संरक्षक कमलेश सिंह, राष्ट्रीय योग सलाहकार पूनम सिंह, राष्ट्रीय उपकोषाध्यक्ष कृष्णा दुबे, राष्ट्रीय प्रबंधक शिखा वर्मा, जिला अध्यक्ष नेहा पांडे, जिला मीडिया प्रभारी नेहा राय, प्रदेश उपाध्यक्ष रीना सोनकर, विजेता, किरण चौबे, माधुरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला, रानी चौबे, संध्या गिरी आदि संस्था के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### मिजार्मुराद पुलिस ने 15 के खिलाफ चोरी मुकदमा दर्ज जांच-पड़ताल में जुटी

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने मानापुर (छतेरी) निवासी गुलाब शंकर तिवारी के तहरीर पर शनिवार की शाम जैन, समीम, अकबर, जमील, परवेज, जुनैज, समीर, आफताब, शंकर, बुद्धु, नन्दू, दिनेश, शिवपूजन, राजू व विक्रम के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई।पीड़ित गुलाब शंकर तिवारी ने बताया कि उप जिलाधिकारी राजातालाब द्वारा मेडबंदी किए जाने के आदेश के बाद उक्त जमीन पर 23 अक्टूबर 2020 को खंभा गाड़कर तार से घेरा गया था। बीते 6 दिसम्बर 2025 को सभी एकराय होकर 26 खंभा व डेढ़ बंडल तार उखाड़ ले गए।घटना के बाबत राजातालाब तहसील में तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

### समता किशोरी युवा मंच ने सावित्री बाई फुले जयंती पर निकाला जागरूकता रैली




**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सावित्री बाई फुले जयंती के अवसर पर समता किशोरी युवा मंच से जुड़ी किशोरियों द्वारा बालिका शिक्षा पर जागरूकता रैली का आयोजन शनिवार को गौर और रखौना में किया गया रैली की शुरूआत रखौना पंचायत भवन से किया गया, तथा समापन अम्बेडकर पार्क में किया गया। रैली में किशोरियों ने बाबा मुझको पढ़ने दो, पढ़कर आगे बढ़ने दो कोशोरियों ने कर दिया कमाल, चूल्हे से निकली चौपाल आदि नारे लगाए।इस अवसर पर मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने अपने जीवन में किशोरियों और महिलाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया, उन्होंने उस समय समाज की सभी परंपराओं को तोड़कर महिला शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले की प्रेरणा से हमलोग किशोरियों को शिक्षित संगठित करना चाहते है ताकि संगठित होकर किशोरियां अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर सके।उन्होंने बताया कि समता किशोरी युवा मंच आराजी लाइन ब्लॉक के 60 गांवों में काम कर रही है।कार्यक्रम में रेनू, पूजा, सपना, नेहा, ज्योति, सरोजा, कविता, प्रियंका, अनिल, रोश, मुश्तफा, सोनाली, खुशबू, रानी, प्रिया, फूलपत्ति, राजकुमारी, माला, संगीता, राधा, केवला, उषा, सरिता, अमिता, अनिता, किरण, वंदना सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

# जय श्रीराम के नाम पर गुंडई नहीं चलेगी ! लव जिहाद का नाम दे कर किसी को मत मारो ! बरेली कैफे में बवाल

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** शहर के एक रेस्टोरेंट में जन्मदिन की पार्टी के दौरान बवाल हो गया। जहां कुछ लोगों ने रेस्टोरेंट में घुसकर कर तोड़फोड़ कर दी। इस मामले में अब बीजेपी के पूर्व विधायक राजेश मिश्रा की बेटी साक्षी मिश्रा खुलकर सामने आ गई हैं। उन्होंने मामले में गुस्सा जताते हुए हुड़दंगियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

दरअसल, बरेली के कैफे में युवती अपने कई दोस्तों के साथ बर्थ डे मनाने पहुंची थी। जहां युवती के साथ दो मुस्लिम दोस्त भी बर्थ डे मनाने आए थे। इसी को लेकर बजरंग दल के समर्थकों ने धावा बोला था। मामले को लेकर बीजेपी के पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ 'पप्पू भरतौल' की बेटी साक्षी ने साफ शब्दों में कहा, "जय श्रीराम के नारे लगाकर गुंडई करना अब नहीं चलेगा और किसी को अपना जन्मदिन मनाने के लिए इन लोगों से पूछने की जरूरत नहीं है।₹ साक्षी ने उन लोगों पर तीखा तंज कसा जो धर्म के नाम पर हंगामा करते हैं। उसने सवाल उठाया, "इतने ही दल वाले लोग हैं और हिंदू मुस्लिम करते हैं तो नेताओं की शादी में जाकर जय श्रीराम का नारा लगाकर इसी तरह मारपीट क्यों नहीं करते हैं। नेताओं की शादी में तो हिंदू-मुस्लिम सभी जाते हैं। वहां इनकी नारेबाजी काम नहीं आती है, आप लोगों की औकात ही नहीं है की वहां जाकर कुछ कर सकें। इसलिए ये लोग आम जनता को बेवकूफ समझकर उन पर अपना रौब दिखाते हैं। साक्षी का कहना है कि गले में भगवा गमछा डालकर भगवान के नाम पर आतंक मचाना बंद होना चाहिए।" साक्षी ने कहा कि किसी महिला के चरित्र पर उंगली उठाने से पहले अपने घर की महिलाओं का चेहरा देख लिया करो। कोई अपनी मर्जी से शादी करता है तो तुम्हारे अंदर जातिवाद का कीड़ा घुस जाता है। बर्थ डे मना रही लड़की को बदनाम करते हुए लव जिहाद का नाम दे दिया है। उन्होंने पूछा कि हर स्कूल और दफ्तर में हिंदू-मुस्लिम साथ होते हैं, तो क्या ये लोग हर जगह जाकर मारपीट करेंगे? साक्षी ने कहा कि उन लोगों की मानसिकता बेहद घटिया है जो एक लड़की को गंदी-गंदी गालियां दे रहे हैं। धर्म के नाम पर इतने अंधे मत होइए।

साक्षी ने कहा कि मैं किसी मुस्लिम का सपोर्ट नहीं कर रही हूं, मैं अपनी बहन के सपोर्ट में बैठी हूं, जिसके चरित्र पर उंगली उठाई जा रही है। साक्षी ने बरेली प्रशासन से निवेदन करते हुए कहा कि धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। जो भी गलत करे, चाहे वो हिंदू हो या मुस्लिम, उसे जेल के पीछे होना चाहिए।

# फेसबुक लिंक से शेयर ट्रेडिंग का झांसा, व्हाट्सएप ग्रुप, ऐप के जरिए 2.66 लाख की साइबर ठगी

वेलकम इंडिया/खालिद खान




**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का सपना दिखाकर 2 लाख 66 हजार 615 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मोटे मुनाफे का लालच देकर लगातार निवेश के लिए उकसाया गया। पीड़ित ने अगस्त से अक्टूबर 2025 के बीच भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से ऐप और गूगल-पे के माध्यम से कुल सात ट्रांजेक्शन किए। इन ट्रांजेक्शन की कुल रकम 2,66,615 रुपये बताई जा रही है। पैसे ट्रांसफर होने के बाद न तो कोई मुनाफा मिला और न ही रकम वापस की गई। कुछ ही दिनों में व्हाट्सएप ग्रुप और संपर्क नंबर निष्क्रिय हो गए, जिससे पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने थाना इज्जतनगर पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर साइबर ठगी की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए शेयर ट्रेडिंग या निवेश के नाम पर हो रही ठगी से सतर्क रहें। बिना सत्यापन किसी लिंक, ऐप या ग्रुप के माध्यम से निवेश न करें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर दें।

# भोजीपुरा क्षेत्र में युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से हड़कंप

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब फतेहगंज पश्चिमी कस्बे के मोहल्ला नौगवां निवासी चंद्रपाल सागर का शव अभयपुर-अगरास मार्ग पर एक पेड़ से लटका मिला। घटना गोपालपुर स्थित आश्रम पद्धति विद्यालय के पास की बताई जा रही है। पेड़ से शव लटके होने की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार सोहरा गांव निवासी दुकानदार इस्लाम हुसैन नेताजी और अफजाल अंसारी ने शनिवार सुबह करीब 10 बजे सड़क किनारे पेड़ से लटका एक शव देखा। उन्होंने तत्काल ग्रामीणों को बुलाया और भोजीपुरा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भोजीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। इसके बाद फोरेंसिक टीम ने मौके का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कस्बा फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला नौगवां निवासी तारा देवी स्कूल के प्रधानाचार्य अनार सिंह सागर ने पेड़ पर लटके शव की पहचान करते हुए बताया कि मृतक चंद्रपाल सागर पुत्र स्वर्गीय रामदास है, जो मोहल्ला नौगवां का ही रहने वाला था। बताया गया है कि मृतक की दो बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। मृतक की ससुराल बरेली के हजियापुर मोहल्ले में है। परिजनों के अनुसार, चंद्रपाल का पत्नी से काफी समय से विवाद चल रहा था और पत्नी फिलहाल मायके में रह रही थी। मृतक के बड़े भाई राजकुमार, छोटे भाई हिमांशु और चाचा सोमपाल बाहर नौकरी करते हैं, जिस कारण उसका घर अक्सर बंद रहता था। इस संबंध में थाना भोजीपुरा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला नौगवां निवासी चंद्रपाल सागर का शव पेड़ से लटका मिला है।

## एडिशनल सीपी के आदेश पर छह पर मुकदमा, जांच में जुटी पुलिस

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने शनिवार की दोपहर में एडिशनल सीपी के आदेश पर ग्राम रोजगार सेवक अनिल कुमार पटेल के प्रार्थना पर जद्दुपुर (मिजार्मुराद) निवासी रवींद्रनाथ पटेल, कैलाश नाथ पटेल, दिनेश पटेल, अमित पटेल, कुलदीप पटेल व तकनीकी सहायक आराजी लाइन ब्लाक राजातालाब रमेश कुमार सिंह के खिलाफ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया।उक्त घटना बीते 22 दिसम्बर की बताई गई।पीड़ित ग्राम रोजगार सेवक एडिशनल सीपी के यहां प्रार्थना पत्र देकर बताया कि खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड आराजी लाइन द्वारा इस्टीमेट स्वीकृत होने व कार्य कराने हेतु आदेश हुआ था।उपरोक्त चकमार्ग पर मिट्टी का कार्य मनरेगा मजदूरों को लेकर बीते 22 दिसम्बर को करा रहा था उसी समय दबंग किसान सभी गोल बनाकर मौके पर पहुंचे और हाथपाई करते हुए भद्दी-भद्दी गाली-गलौज देने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने लगे।

# सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन लोगों ने धूमधाम से मनाया

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी के ढेबरुआ चौराहा पर शनिवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सावित्रीबाई फुले, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम आयोजक राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फूले सामाजिक चेतना मंच ढेबरुआ ने शिक्षा, समाज में बेहतर योगदान पर दर्जनों लोगों को सम्मानित भी किया गया।

मुख्य अतिथि शिक्षिका अनुराधा भारती ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले सामाजिक सुधारिका व भारत की पहली महिला शिक्षिका के रूप में जानी जाती हैं। शिक्षा की अलख जगाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने नारी सशक्तिकरण को मजबूत बनाने का काम किया। वे समानता, न्याय व करुणा के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहीं। शिक्षा का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को अपने अधिकार के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है। सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध उनका उन्होंने काफी संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि बेटों के साथ बेटियों की शिक्षा काफी जरूरी है ताकि वे आत्मनिर्भर होकर देश व राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान दे सकें। राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले मंच ने सेवानिवृत शिक्षक कन्हैया लाल, सुर्यबलि, रामदास, लोहर राम आर्य व जय प्रकाश विष्वकर्मा, मुस्तन शेरुल्लाह, पृथ्वी पाल, सोनी जी के अलावा कई अन्य लोगों को सम्मानित भी किया गया।

## रामचरित मानस पाठ सुनकर मांगी ईश्वर से खुशहाली की मन्नत

**बुलंदशहर।** मंडल अध्यक्ष व कॉर्डिनेटर कांग्रेस ज्ञानेंद्र सिंह राघव के पैतृक निवास गांव रौरा विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर जनपद बुलंदशहर शिव मंदिर में चल रहे रामचरितमानस पाठ में पहुंचकर क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कांग्रेस नेताओं ने रामचरित मानस पाठ का वाचन एवं श्रवण कर, ईश्वर से क्षेत्र जनपद प्रदेश व देश के नववर्ष के शुभ अवसर पर कल्याण की कामना की। रामचरितमानस पाठ के श्रवण व वाचन व्यास पीठ पर दिन में पत्रकार अश्वनी भारद्वाज, पत्रकार हिंदुस्तान राजीव शर्मा मुख्य प्रवक्ता अखंड प्रताप सिंह, क्षत्रिय महासभा से श्याम प्रधान,सरवन सिंह राघव,कोऑर्डिनेर कांग्रेस प्रज्ञा गौड़,शिक्षक नेता राजकुमार राघव,वरिष्ठ कांग्रेस नेता बबलू कुरैशी, बृजेश उर्फ पिकी चौधरी आदि भक्तजन सम्मिलित रहे।

# चार मोटरसाइकिलों मे अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग, पुलिस जांच में जुटीं

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** नगर पालिका सदर क्षेत्र के एपीजे अब्दुल कलाम आजाद नगर मोहल्ले में शुक्रवार देर रात अज्ञात व्यक्ति ने चार मोटरसाइकिलों में आग लगा दी। यह घटना देर रात करीब 2:00 बजे हुई, जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।इस घटना में सुनील साहनी की दो मोटरसाइकिलें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। बताया गया है कि इनमें से एक मोटरसाइकिल दो महीने पहले ही खरीदी गई थी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।आरोपी ने इसके बाद संजना के घर के बाहर खड़ी दो मोटरसाइकिलों में भी आग लगा दी। हालांकि, घर के लोगों और पड़ोसियों की जागरूकता के कारण समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।इससे संजना की मोटरसाइकिलें पूरी तरह जलने से बच गईं, लेकिन एक मोटरसाइकिल की सीट आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल है।स्थानीय लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आखिर इस वारदात को अंजाम क्यों दिया गया। लोगों ने रात्रि सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। सिद्धार्थनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।उन्होंने जानकारी दी कि फिलहाल इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है और आरोपी की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का कठोर कारावास

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला शनिवार को अपर सत्र/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) वीरेन्द्र कुमार की अदालत ने सुनाया।

यह मामला थाना गोल्हौरा क्षेत्र से संबंधित है। वर्ष 2021 में एक नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म का आरोप सामने आया था। सुनवाई के दौरान, अभियोजन और बचाव पक्ष ने अपनी दलीलें प्रस्तुत कीं।गवाहों के बयान, चिकित्सकीय साक्ष्य और अन्य अभिलेखों को भी अदालत में पेश किया गया।सभी तथ्यों और साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद अदालत ने आरोपी फूलचंद्र (पुत्र भुइयादीन, निवासी मझील गांव, थाना खागा, जनपद फतेहपुर) को दोषी पाया। न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। अदालत ने स्पष्ट किया कि अर्थदंड अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कर पाठक ने अदालत में पैरवी की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने यह निर्णय दिया। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, नाबालिगों से जुड़े मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत कठोर सजा का प्रावधान है। ऐसे मामलों में अदालतें अपराध की प्रकृति, पीड़ित की उम्र और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सजा तय करती हैं।

# शिक्षा को हथियार बनाकर सावित्रीबाई फुले ने समाज को बदल दिया

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** देश की पहली महिला शिक्षिका,महान समाज सुधारक और नारी मुक्ति आंदोलन की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर शनिवार को आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया इसी क्रम में वाराणसी में आजाद पार्क लहुराबीर के शहीद स्थल पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके संघर्ष,शिक्षा-दृष्टि व सामाजिक समानता के विचारों पर विस्तार से चर्चा की।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में लड़कियों की शिक्षा की अलख जगाई,जब समाज का बड़ा हिस्सा महिलाओं को पढ़ने -लिखने का अधिकार देने के खिलाफ था उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जीवन इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा ही सामाजिक बदलाव का सबसे मजबूत हथियार है आज भी जब बेटियों की पढ़ाई,दलित-पिछड़ों के अधिकार और सामाजिक न्याय पर हमले हो रहे हैं तब फुले जी के विचार पहले से ज्यादा प्रासंगिक हो गए हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल्लाह खान ने अपने संबोधन में कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किया,बल्कि जाति और लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ भी निर्भीक संघर्ष किया उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि सरकारें सिर्फ जयंती मनाने तक सीमित न रहें बल्कि शिक्षा,महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय को लेकर उनकी सोच को नीतियों में उतारें उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दलित विरोधी योगी सरकार के खिलाफ और समाज के दलित,पिछड़े,आदिवासी समाज और शोषित और वंचित वर्ग को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए ही कुछ समय पहले 'रोजगार दो,सामाजिक न्याय दो पदयात्रा' निकाली थीं आम आदमी पार्टी सावित्रीबाई फुले के सपनों के समाज के निर्माण के लिए सड़क से सदन तक आगे भी संघर्ष करती रहेगी

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ एजाज अहमद ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने यह साबित किया कि बदलाव की शुरूआत साहस से होती है उन्होंने कहा कि महिलाओं,गरीबों और वंचितों को समान अवसर दिलाना ही सावित्रीबाई फुले को सच्ची श्रद्धांजलि होगी आज जब शिक्षा महंगी और असमान होती जा रही है।

## टिरौली में लगी आग विद्युत आपूर्ति हुई ठप्प



**बुलंदशहर।** अहार के बस स्टैंड पर रखी बिजली टिरौली में शुक्रवार की रात में बंदरों के आतंक से आग लग गई और आपूर्ति ठप हो गई। एसडीओ जहांगीराबाद प्रदीप चौधरी के निर्देश पर आपूर्ति चालू शीघ्र।आज दिन भर बिजली कर्मचारी खामियों को ठीक करते रहे। बिजली की टिरौली में अचानक शुक्रवार की रात में आग लग गई,बस स्टैंड पर रखी हुई थी। करीब 500 घरों में अंधेरा हो गया।रात में अग्निशमन दल की गाड़ी बुलाई गई तब जाकर आग बुझ पाई। शनिवार को दोपहर बाद बिजली एसडीओ जहांगीराबाद ने बिजली कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए कि शीघ्र विद्युत आपूर्ति चालू की जाए।इस दौरान सुरेश कुमार, श्रीपाल सिंह, हेमराज सिंह आदि बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

# होटल संचालक से लूट का पुलिस ने कुछ ही घंटों में किया खुलासा, मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के दिल्ली बस अड्डे के समीप होटल संचालक के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने मात्र कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया। कार्रवाई के दौरान गांव पंजोखरा अंडरपास के पास पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटे गए 5 हजार रुपये, मोबाइल फोन, 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

कस्बा निवासी अनिल सैनी ने बताया कि वह दिल्ली रोड पर सैनी शुद्ध भोजनालय के नाम से होटल संचालित करता है। शनिवार तड़के करीब चार बजे वह होटल में सो रहा था। होटल का एक दरवाजा बंद था, जबकि दूसरा आधा खुला हुआ था। इसी का फायदा उठाकर दो बदमाश अंदर घुस आए और उसकी जेब से छह हजार रुपये नकद व मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

घटना के दौरान शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल होटल संचालक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद परिजनों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी थीं।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बदमाश को पकड़ लिया पुलिस के अनुसार बाथरूम करने के बहाने बदमाश ने उतारकर गांव पंजोखरा अंडरपास के निकट बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

इस दौरान बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम अक्षित पुत्र वीरेंद्र निवासी ग्राम ताजपुर सिभंलखा बताया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पर विभिन्न धाराओं में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि इस घटना में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गृह क्लेश से परेशान महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या की कोशिश, हालत गंभीर

**कांधला।** कस्बे के कैराना मार्ग निवासी एक 24 वर्षीय विवाहिता ने पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।शनिवार को कैराना मार्ग निवासी 24 वर्षीय महिला ने अपने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ती देख परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उसे तत्काल नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने अस्पताल में महिला के बयान दर्ज किए और मामले की जानकारी जुटाई। चिकित्सकों का कहना है कि महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है, इसलिए उसे बेहतर उपचार के लिए उच्च चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूर्व प्रधान पर पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के सिंगारपुर निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर सालेहपुर के एक व्यक्ति पर नाबालिग लड़की के हाथ पकड़कर छेड़खानी व बदतमीजी करने का आरोप लगाया है। मुकामी पुलिस ने शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव सिंगारपुर निवासी मोहम्मद आमिर पुत्र हुसेन अहमद ने स्थानीय पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर सालेहपुर निवासी सय्यद मोहम्मद अशरफ समनानी पुत्र सय्यद गुलाम जिलानी पर वादी की 15 वर्षीया पुत्री के हाथ पकड़कर छेड़खानी व बदतमीजी करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया कि शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर मु.अ.सं 3/26 धारा 74 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर ने तामेश्वरनाथ मंदिर का किया भ्रमण



**संतकबीरनगर।** शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन के ने पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना की उपशिति में तामेश्वरनाथ मंदिर का भ्रमण कर महोदय द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, अग्नि सुरक्षा के उपाय, आपातकालीन निकास मार्ग तथा पुलिस बल की तैनाती का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर एवं आस-पास ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं से शालीन व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए तत्पश्चात महोदय द्वारा जनपद में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की।

## पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष की माता के निधन पर पूर्व विधायक जय चौबे ने जताई शोक संवेदना



**संतकबीरनगर।** नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा की माता जी के निधन की सूचना पर शनिवार को खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने उनके आवास पर पहुंचकर गहरा दुख व्यक्त किया। पूर्व विधायक जय चौबे अपनी टीम के साथ शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचे और दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने श्याम सुंदर वर्मा और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। शोक व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि माता का साया सिर से उठना परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# समाजसेवी ठाकुरदास मिगलानी की रस्म पगड़ी में उमड़ा जनसैलाब

**वेलकम इंडिया**

**बागपत (विवेक जैन)** बागपत नगर के सबसे सम्मानित व्यक्तियों में शुमार सुप्रसिद्ध समाजसेवी और व्यापारी नेता व पूर्व सभासद श्री ठाकुरदास मिगलानी जी का 22 दिसम्बर 2025 को 95 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया था। 3 जनवरी 2026 को उनके निज आवास पर हवन के उपरान्त बागपत नगर की जैन धर्मशाला में रस्म पगड़ी का आयोजन किया गया। रस्म पगड़ी में पहले भजन गायकों द्वारा प्रभु का गुणगान किया गया। उसके बाद उनके पुत्र को पगड़ी बॉधी गयी और उसके उपरान्त बागपत नगर सहित दूर-दराज क्षेत्रों के हजारों लोगों ने श्री ठाकुरदास मिगलानी जी को श्रद्धांजली अर्पित की। सुप्रसिद्ध समाजसेवी और व्यापारी नेता नन्दलाल डोगरा ने विभिन्न संस्थाओं से प्राप्त शोक संदेशो को पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर अनेकों वक्ताओं ने श्री ठाकुरदास मिगलानी जी के महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर उनके पुत्र - सुभाष मिगलानी, सुधीर मिगलानी, पौत्र - दीपक, हर्ष, निखिल, अमन, पड़पौत्र - तनिष, कार्तिक, ओम, विनायक, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, बागपत श्री यमुना इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य हरी शंकर वशिष्ठ, सुप्रसिद्ध समाजसेवी मास्टर राकेश मोहन गर्ग, ब्रजमोहन गौतम, धर्मसिंह विकल, महामहिम राष्ट्रपति जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, राजेन्द्र शर्मा, मोंटी चौहान सभासद, संजय रूहेला सभासद, विक्की चौधरी, असद खान, मुनीर, अनुज जैन, विजय कौशिक, अशोक गुलयानी, वीना खुराना, आशीष खुराना, मंगली, निरंजन सहित हजारों लोग उपस्थित थे।




# बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट की जयंती पर सम्मान समारोह

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** मंदिर महादेव मारूफ शिवाला कांधला धर्मार्थ ट्रस्ट ( रजिस्टर्ड ) द्वारा स्वर्गीय बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट की जयंती के अवसर पर बार एसोसिएशन कैराना के सहयोग से बार भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2024 से आरंभ की गई बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट स्मृति अधिवक्ता लेखन सम्मान योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 के लिए पुस्तक ह्लजीवन एक खोज हैह्व के लेखक अधिवक्ता सुशील कुमार एडवोकेट का चयन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि श्री राजकुमार चौहान सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा दीप प्रज्वलन तथा बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने स्व. बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट से जुड़े अपने संस्मरण साझा करते हुए उनकी स्मृति में प्रारंभ की गई लेखन सम्मान योजना की सराहना की।मुख्य अतिथि राजकुमार चौहान एवं मंचासीन वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने वर्ष 2025 के लिए चयनित अधिवक्ता लेखक सुशील कुमार एडवोकेट को फूलमाला, शॉल, स्मृति चिन्ह तथा 1100 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने पर अधिवक्ता सुशील कुमार ने अपनी रचना को मिले सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया।बार एसोसिएशन कैराना के महासचिव राजकुमार चौहान एडवोकेट द्वारा सर्वसम्मति से बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट की तस्वीर को बार एसोसिएशन कैराना के पुस्तकालय में लगाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं ट्रस्ट की ओर से मुख्य अतिथि को श्रीराम दरबार सीता चौक कांधला की तस्वीर व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन मेहरबान कुरैशी एडवोकेट ने किया।

# भाकियू चढूनी की किसान समस्याओं को लेकर बैठक , अनदेखी पर आक्रोश

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी की नगला भूरिया में बैठक आयोजित हुई। बैठक में में किसानों ने शासन प्रशासन की अनदेखी का आरोप लगाया , इसको लेकर किसानों ने भारी आक्रोश देखने को मिला। जिला उपाध्यक्ष नवल सिंह, तहसील अध्यक्ष सत्यवीर, ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी ने कहा अधिकारी किसानों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। निराश्रित गोवंश किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे हैं, जिम्मेदार मौन हैं। मथुरा मंडी में किसानों का जमकर उत्पीड़न किया जा रहा है। तहसील अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को जल्द हल नहीं किया गया तो तहसील का घेराव से लेकर जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मांग की गई कि मथुरा मंडी में फसल को तोलते वक्त किसानों को कम वजन बताकर ज्यादा वजन लेने पर तत्काल रोक लगाई जाए। आलू किसानों को लागत मूल्य तक नहीं मिल रहा,आलू किसानों को बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आलू का कम से कम 12 सौ रुपए क्विंटल न्यूनतम मूल्य घोषित किया जाए। किसानों की दहनीय स्थिति को देखते हुए किसानों को पूर्णतःकर्ज मुक्त किया जाए।

इस मौके पर दर्जनों पदाधिकारी, किसान मौजूद रहे। जिनमे केशव, जगवीर,गिरवर,हिम्मत, सत्यवीर, प्रकाश, निहाल सिंह, मोहन लाल, राजवीर, बच्चू, होली, शिवचरण, बलवीर सिंह, ओमप्रकाश, सत्यवीर सिंह, श्यामबाबू, देवेंद्रसिंह, राममुरारी, बाबूचंद लक्ष्मीनारायण,भगत सिंह,प्रेम सिंह,जय प्रकाश, युवा ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, आकाश ,रासबिहारी आदि मौजूद रहे।

# मुंबई को हराकर वाराणसी की टीम बनी विजेता , जीती ट्राफी

**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**




**मिजार्मुराद कछवारोड़।** खोचवां (रूपापुर) स्थित जनता इंटर कालेज के सूर्या मैदान पर चल रहे दस दिवसीय बाबू रामखेलावन सिंह स्मृति स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में शनिवार को मुंबई की टीम को नौ विकेट से हराकर वाराणसी की जयनारायण क्रिकेट एकेडमी की टीम विजेता बन प्रथम पुरस्कार हासिल कर ट्राफी पर कब्जा जमा ली ।मुंबई की वीपीसीसी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 155 रन का लक्ष्य रखा।

आशीष ने 46 रन और अनुराग ने 32 रन बनाएं ।जबाब में खेलने उतरी जयनारायण क्रिकेट एकेडमी (वाराणसी) की टीम ने 10 ओवर मे एक विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया ।सत्यम ने 118 रन व निखिल ने 21 रन बनाएं ।मैन आफ द मैच सत्यम को और मैन आफ द टूनार्मेंट मीत माइकर (मुंबई) को चुना गया।

मुख्य अतिथि आराजीलाइन के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा.महेंद्र सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि स्नातक एमएलसी प्रत्याशी पंकज सिंह 'डब्लू' द्वारा विजेता टीम वाराणसी को 45 हजार नकद पुरस्कार राशि व ट्राफी एवं उपविजेता (मुंबई) टीम को 25 हजार नकद पुरस्कार राशि व ट्राफी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर एमपी सिंह, प्रदीप सिंह (फौजी), शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' (पत्रकार), दिनेश सिंह (बाबा), गोपालदत्त शर्मा, सुशील सिंह (गोपाल), संजय सिंह, शुभम सिंह, संतोष पांडेय, गजराज सिंह (पप्पू), दिनेश सिंह (बल्ली), राजेश सिंह (भुल्ली), संजीव सिंह, राममूरत यादव, अनिल सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# गागरीगोल और सनेती में आयोजित हुआ जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** गोविन्द मेहता, सरकार द्वारा आमजन से बेहतर संवाद उनकी समस्याओं को सुनकर जनभावनाओं के अनुरूप आमजन को बेहतर सेवाएं देने हेतु संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को जनपद की दो न्याय पंचायतों में बहुउद्देशीय जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया गया।

दोनों शिविरों में 52 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 25 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। साथ ही अब तक920 से अधिक लोगों ने शिविरों में सहभागिता कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और लाभ उठाया।

राजकीय इंटर कालेज गागरीगोल में आयोजित शिविर की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने की ।शिविर में बतौर मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या और स्थानीय विधायक पार्वती दास ने भी शिविर में आए लोगों से संवाद कर लोगो को सम्बोधित किया ।जिपं अध्यक्ष और विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनकर जनसमस्याओं का निराकरण करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी अभियान संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर पारदर्शिता बढ़ाना तथा सरकारी सेवाओं का समयबद्ध और प्रभावी वितरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समय से समाधान हो कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से शिकायतों के निवारण हेतु बार बार कार्यालयों के चक्कर नहीं काटे इसके लिए सभी अधिकारी समयबद्ध होकर शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र निस्तारण करे ।सीडीओ तिवारी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कार्य के निराकरण हेतु कोई अधिकारी यदि लोगों को अनावश्यक रूप से चक्कर लगाते हुए ऐसी शिकायतें मिली तो ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।उन्होंने सभी फरियादियों की समस्याओं को सुना,और आमजन के हितों के लिए हरसंभव प्रयास करना जिलाप्रशासन की पुनीत जिम्मेदारी बताया।

# सामूहिक विवाह को लेकर हुई बैठक सहयोग का मिला पूर्ण आश्वासन



**वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी**

**प्रयागराज।** प्रयागराज संगम नगरी में सामूहिक विवाह आयोजन को लेकर संस्था की अध्यक्ष रूपाली अवस्थी एवं कोषाध्यक्ष सचिन निषाद की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संजय भैया विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक के दौरान संजय भैया ने आगामी सामूहिक विवाह में होने वाली 21 जोड़ो की शादी को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग देने का पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत सराहनीय एवं पुण्य कार्य है और इसमें सभी को बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए। अध्यक्ष रूपाली अवस्थी ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही ऐसे बड़े आयोजन सफल होते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सावित्रीबाई फुले जयंती पर एक दिवसीय शिविर आयोजित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** मुल्तानीमल मोदी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती से प्रेरित रहा। जिसमें उनके द्वारा महिला शिक्षा के क्षेत्र में किए गए संघर्षों तथा महिलाओं के सशक्तीकरण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया। शिविर के अंतर्गत नव प्रवेशित स्वयंसेवकों को मेरा भारत पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई, जिससे उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों से विधिवत जोड़ा जा सके। शिविर की शुरूआत महाविद्यालय प्रांगण से हुई, जिसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली सड़क मार्ग से होते हुए कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मोदीनगर में ठहराव के साथ संपन्न हुई, जहाँ सामाजिक चेतना और सेवा भाव का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन में वरिष्ठ स्वयंसेवक अंकित, तुषार, दीपा, नंदिनी, आयशा, समद एवं अन्य वरिष्ठ स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में यह सूचना दी गई कि अगला एकदिवसीय शिविर 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही सभी विद्यार्थियों को सेवा भावना और सामाजिक दायित्व के संदेश के साथ विदा किया गया।




# राष्ट्रीय लोकदल हस्तिनापुर क्षेत्र की ऑनलाइन बैठक में संगठन सशक्तिकरण पर जोर

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के हस्तिनापुर क्षेत्र की क्षेत्रीय कमेटी के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें हस्तिनापुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 9 जिलों के पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। यह बैठक आगामी जिला पंचायत एवं विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से आयोजित की गई। रालोद गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने बताया कि बैठक के मुख्य अतिथि हस्तिनापुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन रहे, जबकि बैठक का संयोजन क्षेत्रीय महासचिव डॉ. विक्रांत जावला द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री योगेंद्र चेयरमैन ने कहा कि आने वाला एक वर्ष राष्ट्रीय लोकदल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला पंचायत और विधानसभा चुनावों को सफल बनाने के लिए आवश्यक है कि पार्टी की बूथ स्तर तक की कमेटियों को सशक्त और सक्रिय किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने जिला अध्यक्षों के साथ मिलकर गांव-गांव, कस्बे-कस्बे और शहर-शहर जाकर प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 युवाओं को पार्टी से जोड़ें, जिससे संगठन जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने पार्टी में अनुशासन को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि संगठन की मजबूती अनुशासन और समन्वय से ही संभव है। बैठक के दौरान कुछ पदाधिकारियों द्वारा यह जानकारी दी गई कि हस्तिनापुर क्षेत्र में कुछ कार्यकर्ता बिना पार्टी की अनुमति के होर्डिंग लगवा रहे हैं या सोशल मीडिया पर स्वयं को जिला पंचायत सदस्य का प्रत्याशी बताकर प्रचार कर रहे हैं। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए योगेंद्र चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय लोकदल ने अभी किसी भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को पार्टी का घोषित प्रत्याशी बताता है तो उसके विरुद्ध संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि कोई भी कार्यकर्ता स्वयं को भावी प्रत्याशी कह सकता है, लेकिन पार्टी के सभी जमीनी कार्यकर्ता समान हैं और प्रत्याशियों की घोषणा समय आने पर राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में ही की जाएगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने फिलहाल सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से केवल संगठन को मजबूत करने, जनता के बीच पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने तथा बूथ कमेटियों के गठन पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की अपील की। उन्होंने जानकारी दी कि 31 जनवरी तक बूथ कमेटी का कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाना है। इस अवसर पर योगेंद्र चेयरमैन ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को नववर्ष की शुभकामनाएं भी प्रेषित की। बैठक के अंत में क्षेत्रीय कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में 31 जनवरी तक बूथ कमेटी गठन का कार्य पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई।

# सामूहिक विवाह को लेकर हुई बैठक, सहयोग का मिला पूर्ण आश्वासन



सनी कुमार केसरवानी

**प्रयागराज।** प्रयागराज संगम नगरी में सामूहिक विवाह आयोजन को लेकर संस्था की अध्यक्ष रूपाली अवस्थी एवं कोषाध्यक्ष सचिन निषाद की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संजय भैया विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान संजय भैया ने आगामी सामूहिक विवाह में होने वाली 21 जोड़ो की शादी को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग देने का पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत सराहनीय एवं पुण्य कार्य है और इसमें सभी को बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए। अध्यक्ष रूपाली अवस्थी ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही ऐसे बड़े आयोजन सफल होते हैं। वहीं कोषाध्यक्ष सचिन निषाद ने बताया कि सामूहिक विवाह की तैयारियां तेजी से चल रही हैं और सभी के सहयोग से यह आयोजन यादगार बनेगा। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# भाकियू चढ़ूनी की किसान समस्याओं को लेकर बैठक, अनदेखी पर आक्रोश

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी की नगला भूरिया में बैठक आयोजित हुई। बैठक में में किसानों ने शासन प्रशासन की अनदेखी का आरोप लगाया , इसको लेकर किसानों ने भारी आक्रोश देखने को मिला। जिला उपाध्यक्ष नवल सिंह, तहसील अध्यक्ष सत्यवीर, ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी ने कहा अधिकारी किसानों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। निराश्रित गोवंश किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे हैं, जिम्मेदार मौन हैं। मथुरा मंडी में किसानों का जमकर उत्पीड़न किया जा रहा है। तहसील अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को जल्द हल नहीं किया गया तो तहसील का घेराव से लेकर जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मांग की गई कि मथुरा मंडी में फसल को तोलते वक्त किसानों को कम वजन बताकर ज्यादा वजन लेने पर तत्काल रोक लगाई जाए। आलू किसानों को लागत मूल्य तक नहीं मिल रहा,आलू किसानों को बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आलू का कम से कम 12 सौ रुपए क्विंटल न्यूनतम मूल्य घोषित किया जाए। किसानों की दहनीय स्थिति को देखते हुए किसानों को पूर्णतः कर्ज मुक्त किया जाए। इस मौके पर दर्जनों पदाधिकारी, किसान मौजूद रहे। जिनमे केशव,जगवीर,गिरवर,हिम्मत, सत्यवीर, प्रकाश, निहाल सिंह, मोहन लाल,राजवीर, बच्चू, होली, शिवचरण, बलवीर सिंह, ओमप्रकाश, सत्यवीर सिंह,श्यामबाबू, देवेंद्रसिंह, राममुरारी, बाबूचंद लक्ष्मीनारायण, भगत सिंह,प्रेम सिंह,जय प्रकाश, युवा ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, आकाश ,रासबिहारी आदि मौजूद रहे।

# पतंजलि योगपीठ स्थापना दिवस समारोह 5 जनवरी को

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 5 जनवरी को किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए पतंजलि वैलनेस मोदीनगर के सेवा प्रमुख स्वामी आरोग्य देव ने बताया कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 5 जनवरी को सायं 04:30 बजे योग भवन पतंजलि योगपीठ मोदीनगर में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर नरेन्द्र कश्यप (राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, उत्तर प्रदेश सरकार) मुख्य अतिथि, विधायक डॉ मंजू शिवाच विशिष्ट अतिथि के रुप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्य वक्ता डॉ० स्वामी परमार्थदेव जी मुख्य केन्द्रीय प्रभारी (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति) मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग, भारतीय चिकित्सा पद्धतियों एवं भारतीय जीवनशैली के प्रचार प्रसार को जन-जन तक पहुँचाना है।

# कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री के पति का किया पुतला दहन



वेलकम इंडिया

**गरुड़, दिनेश नेगी,** गरुड़ में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति गिरधारी लाल साहू द्वारा महिलाओं पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन और उनका पुतला दहन किया। कांग्रेसी कार्यकताओं ने महिलाओं के सम्मान को लेकर सड़कों पर उतर कर कैबिनेट मंत्री के बेतुके बयान की भर्त्सना करते हुए बीजेपी नेताओं पर महिलाओं का अपमान करने के गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस कार्यकताओं का कहना है कि महिलाओं का अपमान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व विधायक प्रत्याशी और कांग्रेसी नेता बसंत कुमार कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं का मान सम्मान नहीं करती। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति द्वारा महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की गई है, जिसके विरोध में आज गरुड़ में पुतला दहन किया गया। कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र बिष्ट ने कहा कि बीजेपी द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता और महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ की घटनाएं बढ़ते जा रही है। भाजपा महिलाओं के सम्मान के झूठे दावे करती है, पर केवल दावे दिखावे के होते हैं। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि यदि भाजपा सरकार महिलाओं का सम्मान करती तो अपने नेताओं पर आरोप लगने पर आरोपी नेताओं का बचाव नही करती। अंकिता हत्याकांड में भाजपा के बड़े नेताओं का नाम उजागर होने पर सरकार अपने वीआईपी नेताओं को बचाने में तुली है। जनता के भारी विरोध पर केवल दिखावे की कार्रवाई की जा रही है। किसी भी घटना पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। हम हमेशा महिलाओं के सम्मान के लिए लड़ते रहेंगे। कांग्रेस कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि यदि महिलाओं का अपमान जारी रहा तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस मौके पर नरेंद्र कुमार, कैलाश पवार, प्रकाश कोहली, भरत फर्श्वाण, लक्ष्मण राम, सुन्दर बोरा, धीरज कुमार, संजय सिंह फर्शवाण, ललित परिहार, कैलाश परिहार, रंजीत रावत, शंकर जोशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# न्यू ईयर पर एके मैग्नेट और पूनम श्री ने किया सिंगिंग व डांसिग शो का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




**नई दिल्ली। विवेक जैन।** निर्माण विहार की एसएसएस म्यूजिक एण्ड डांस एकेडमी में न्यू ईयर 2026 के उपलक्ष्य में एके मैग्नेट एंटरटेनमेंट सेवन बीटस स्टूडियों व बुलंद आवाज म्यूजिकल ग्रुप द्वारा पेरेलल सांग फीस्ट गेदरिंग का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली व आस-पास क्षेत्र के जाने-माने गायकों व अनेकों हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान गणेश जी की वंदना से किया गया। कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक आवाज और शानदार डांस से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। सुप्रसिद्ध सिंगर, डांसर, एक्टर व आगेर्नाइजर एके मैग्नेट व पूनम श्री ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का तिलक लगाकर, पटका पहनाकर व फूलों की वर्षा कर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध सिंगर बीके गुलाटी जी का 75 वां जन्मदिन बडी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, आसिफ अनवर वारसी मेरठ, मुकेश भोगल, एक्टर जुनैद हसन, अरविन्द वत्स सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# लखनऊ में होने वाले विशेष इवेंट में सेलिब्रिटी गेस्ट आ रही है 2022 की विनर रह चुकी मिसेज एशिया विजेता विजयता सच्चदेवा

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** फैशन और सामाजिक सरोकारों की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुकी वाराणसी की मिसेज एशिया विजेता विजयता सच्चदेवा आगामी 4 जनवरी को लखनऊ में आयोजित होने जा रहे एक विशेष कार्यक्रम में सेलेब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल होंगी। अपनी सादगी, आत्मविश्वास और बहुआयामी प्रतिभा के लिए जानी जाने वाली विजयता सच्चदेवा न केवल एक सफल मॉडल और मेकअप आर्टिस्ट हैं, बल्कि एक समर्पित समाजसेविका भी हैं। विजयता सच्चदेवा ने फैशन जगत में कई प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किए हैं। उन्होंने मिसेज इंडिया विजेता झ 2021, मिसेज एशिया विजेता झ 2022, और मिसेज बनारस रनर अपझ 2019 जैसे खिताब जीतकर काशी और उत्तर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। मॉडलिंग के साथ-साथ विजयता सच्चदेवा सामाजिक क्षेत्र में भी निरंतर सक्रिय हैं। वे बच्चों और युवाओं के बीच सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य को लेकर लगातार प्रेरणादायक संदेश देती रही हैं। अपने उत्कृष्ट कार्यों और समाज के प्रति योगदान के लिए विजयता सच सच्चदेवा को अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। जिनमें प्रमुख हैं– काशी रत्न सम्मान झ 2024, काशी गौरव सम्मान झ 2024, प्राइड ऑफ उत्तर प्रदेश सम्मान झ 2024, भारत गौरव आइकॉन राष्ट्रीय सम्मान झ 2025, और श्री छत्रपति शिवाजी महाराज सम्मान झ 2025 हाल में ही उन्हें यूपीएए अवार्ड 2025 के सम्मान से सम्मानित किया गया है ये सम्मान उन्हें एक सशक्त टाइटल होल्डर और प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व के रूप में स्थापित करते हैं।

# ग्राम खिमावती में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** नव वर्ष के उपलक्ष में ग्राम खिमावती में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पिता प्रतियोगिता में विजय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। ग्राम खिमवाती में शनिवार को गाँव के युवाओं (शुभम उपाध्याय, आशु जाटव, वाशु त्यागी, शगुन पाल, नकुल गोस्वामी) द्वारा दो वर्गों में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमे प्रथम वर्ग में 10-15 वर्ष व दूसरे वर्ग में 15-20 वर्ष के धावकों ने प्रतिभाग किया। प्रथम वर्ग में क्रमश पहले स्थान पर आर्यन जाटव, दूसरे पर आरव गोस्वामी व यसिस उपाध्याय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ग में पहले स्थान पर आकाश शर्मा, दूसरे पर वंश कोरी, व वाशु प्रजापति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी चिराग त्यागी ने कार्यक्रम आयोजकों को बधाई दी और कहा कि ₹खिलाड़ी अपने श्रेष्ठ के लिए दौड़े और खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनायें, ये हमे खुद में मैनेजमेंट सिखाता है।₹ इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य विकास यादव व गांव के अनेकों लोग उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियो की सराहना व हौसलाफजाई की।

# जरूरतमंदों को दिल्ली के समाजसेवी ने वितरित किए 550 कम्बल

**डिबाई।** इसमें कोई संदेह नहीं कि भारतवर्ष में गरीब और जरूरतमंदों की भरमार हैं, लेकिन उनकी मुश्किलों को हल करने के लिए समाज के बीच से कुछ हाथ ऐसे आगे आते हैं जिन्हें भगवान ने स्वभाव की प्रेरणा देकर इस दुनिया में भेजा होता है। ऐसे ही समाज सेवी के तौर पर विगत कुछ वर्षों से डिबाई विधानसभा क्षेत्र में पुनीत लोधी का नाम चचाओं में है जो कि युवा होने के साथ साथ कोमल हृदय भी हैं। बता दें कि पुनीत लोधी दिल्ली में कई शैक्षिक संस्थानों के संचालक हैं, तथा डिबाई विधानसभा क्षेत्र से विशेष लगाव रखते हैं। जिसके चलते पुनीत लोधी ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी डिबाई विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमंदों को उत्कृष्ट क्वालिटी से निर्मित 550 कंबलों का वितरण किया। विश्व हिंदू परिषद की जिला इकाई के समाजसेवी भी प्रकाश बजाज के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुनीत लोधी के वयोवृद्ध माता पिता के अलावा उनकी अर्धांगिनी, बंधु बांधवों के साथ साथ दिल्ली तथा डिबाई विधानसभा क्षेत्र के उनके मित्रगण तथा परिजन विशेष तौर पर मौजूद रहे।

## नगर आयुक्त ने दिए कड़े निर्देश

# जलकल, जल निगम और निजी एजेंसियां मिलकर करेंगी संयुक्त जांच

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अब पेयजल की गुणवत्ता की व्यापक जांच की जाएगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जलकल विभाग, जल निगम, एस.एफ.आई. तथा वीए टैक वाबैग की संयुक्त टीम बनाकर अभियान के रूप में टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में शनिवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें एक सप्ताह के भीतर जोन स्तर पर कार्यवाही पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके तहत नगर निगम सीमा अंतर्गत लगे सभी नलकूपों, हैंडपंपों, पानी की टंकियों, ओवरहेड टैंकों और सीडब्ल्यूआर की नियमित जांच की जाएगी। बैठक में महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद सहित सभी जोन की टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा लगभग 3 लाख 46 हजार उपभोक्ताओं को पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। पेयजल पाइपलाइन की नियमित सफाई का कार्य पहले से ही जारी है, लेकिन अब इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, जल निगम की टीम, जलकल विभाग के अधिकारी तथा वीए टैक वाबैग के जोनल इंचार्ज वार्डवार संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। संयुक्त टीम द्वारा प्रत्येक वार्ड में क्षेत्रीय पार्षदों के सहयोग से पेयजल की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। इस दौरान पानी में मानक के अनुरूप क्लोरीन की मात्रा की भी जांच की जाएगी। साथ ही सीवर लाइन और पेयजल पाइपलाइन की स्थिति, कहीं लीकेज या ब्रेकेज तो नहीं, इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई, नलकूपों और हैंडपंपों का सही संचालन सुनिश्चित करने तथा जल आपूर्ति से जुड़े उपकरणों की तकनीकी स्थिति की भी जांच की जाएगी। नगर निगम सीमा में वर्तमान में लगभग 300 बड़े नलकूप (15 से 30 एचपी), करीब 1100 छोटे नलकूप (5 से 10 एचपी), लगभग 6000 हैंडपंप, 51 ओवरहेड टैंक और 29 भूमिगत जलाशय के माध्यम से शहरवासियों को जलापूर्ति की जा रही है। इन सभी स्त्रोतों से आपूर्ति होने वाले पानी की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया कि शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल के नमूने एकत्र कर उनका वायोलॉजिकल, बैक्टीरियोलॉजिकल और केमिकल एनालिसिस कराया जाएगा। इसके साथ ही नियमित ओटी प्रशिक्षण की प्रक्रिया को भी तेज किया जाएगा। पुरानी और जर्जर पाइपलाइनों को प्राथमिकता पर बदला जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की मिलावट या दूषित जल आपूर्ति की संभावना न रहे। नगर आयुक्त ने कहा कि यह अभियान जनप्रतिनिधियों के सहयोग से चलाया जाएगा और हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना नगर निगम का लक्ष्य है। अभियान के माध्यम से पेयजल व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाएगा, ताकि नागरिकों को सुरक्षित और मानक के अनुरूप पानी मिल सके।

# कौशांबी में नए मतदाताओं को जोडे का अभियान तेज, करीब ढाई सौ नए वोटरों ने भरे आवेदन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कौशांबी स्थित जयपुरिया एनक्लेव सोसायटी एवं ए एंड बी प्लॉट एरिया के पार्क में नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए शनिवार को एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का नेतृत्व क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने किया। आयोजन का उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करते हुए अधिक से अधिक नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोडा रहा।

जयपुरिया एनक्लेव सोसायटी में आयोजित कैंप में शोभा रानी बरनवाल, महासचिव कौशांबी वेलफेयर एवं जयपुरिया एनक्लेव सोसायटी ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं ए एंड बी ब्लॉक पार्क में आयोजित कैंप की जिम्मेदारी भाजपा कौशांबी के बूथ अध्यक्ष एस.के. गोयल ने संभाली। दोनों स्थानों पर नागरिकों में मतदाता पंजीकरण को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कौशांबी प्लॉट एरिया के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश, भाजपा सेक्टर संयोजक रेनू मल्होत्रा, बूथ अध्यक्ष अनीता खंडेलवाल, किरण दुआ, मुनेष चौहान, तसविंदर कौर, पवन गुप्ता, एस.आर. सिंह, सुमन चौधरी, आनंद शर्मा, संजय गुप्ता, विपिन शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नए मतदाताओं को जागरूक करने और उन्हें पंजीकरण की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया। कैंप के दौरान युवाओं और नए मतदाताओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। जानकारी के अनुसार, लगभग ढाई सौ नए वोटरों ने अपने मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र भरे। आयोजकों ने इसे क्षेत्र में लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कैंप के समापन पर क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

## न्यू ईयर पार्टी में शोर मचाने से मना करना पड़ा भारी, कार में तोडफोड़

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के सुशांत एक्वापोलिस इलाके में न्यू ईयर पार्टी के दौरान शोर मचाने से मना करना एक मकान मालिक को भारी पड़ गया। आरोप है कि किराएदार युवकों ने मकान मालिक दंपती पर हमला कर दिया और विरोध करने पर उनकी कार में भी जमकर तोडफोड़ की। इस घटना में मकान मालिक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी उंगली टूटने की बात सामने आई है। पीड़ित मकान मालिक हितेश शर्मा ने बताया कि उनके मकान में रह रहे किराएदार न्यू ईयर पार्टी के दौरान तेज आवाज में शोर–शराबा कर रहे थे। जब उन्होंने शोर कम करने को कहा तो आरोपित भड़क गए और उन पर हमला कर दिया। बीच–बचाव के लिए आई उनकी पत्नी और बेटे के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि किराएदारों ने लाठी–डंडों से हमला कर हितेश शर्मा की पिटाई की, जिससे उनके हाथ की एक अंगुली टूट गई। हमले के बाद आरोपितों ने मकान के बाहर खड़ी कार में भी तोडफोड़ की, जिससे वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। घटना के बाद घायल हितेश शर्मा ने थाने पहुंचकर किराएदार दंपती सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। एसीपी वेव सिटी ने बताया कि मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच के दौरान दो आरोपितों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से क्षेत्र में लोगों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता और नाराजगी का माहौल है।

## कविनगर पुलिस का लुटेरा गिरोह पर बड़ा शिकंजा, दिल्ली-गाजियाबाद में फैलाया था आतंक

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना पुलिस ने लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले एक संगठित गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जुड़वां भाइयों रामा और श्यामा समेत आठ आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह शातिर तरीके से दिल्ली और गाजियाबाद के बीच आना–जाना कर वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस के अनुसार दौलतपुरा निवासी रामा और श्यामा के साथ चिंटू, मोंटी, दिनेश, पंकज, मंजू और रजनी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया है। यह गिरोह लूट की योजना बनाने के लिए पहले मेट्रो से गाजियाबाद से दिल्ली जाता था। वहां से बाइक लेकर वापस गाजियाबाद आता और अलग–अलग थाना क्षेत्रों में लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। वारदात के बाद आरोपी फिर से दिल्ली भाग जाते थे और बाद में दोबारा गाजियाबाद लौट आते थे, ताकि पुलिस को भ्रमित किया जा सके। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस तरीके से गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और शहर में कई घटनाओं को अंजाम दे चुका था। इसके अलावा पुलिस ने विजयनगर थाना क्षेत्र के हर्ष कुमार और अंशू के खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और उनकी अवैध संपत्तियों की भी जांच की जाएगी। कविनगर पुलिस का कहना है कि गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई से गिरोह की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। शहर में अपराध पर नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा के लिए ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पुरानी कहासुनी का बदला चाकू से हमला कर लिया

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की परमानंद विहार कॉलोनी में पुरानी कहासुनी का बदला लेते हुए युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परमानंद विहार कॉलोनी निवासी सप्पन कुमार ने पुलिस को बताया कि 31 दिसंबर की रात उनके भाई तपन की किसी बात को लेकर राहुल गार्डन निवासी शिवम और समीर से कहासुनी हो गई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को समझा–बुझाकर मामला शांत करा दिया था। आरोप है कि इस घटना से नाराज शिवम ने अगले दिन एक जनवरी को अपने चार साथियों नवीन, गगन, विशाल उर्फ काना और मनीष के साथ मिलकर तपन को घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान शिवम और नवीन ने तपन की कमर पर चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल को परिजन तत्काल दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 279 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लापरवाही उजागर

**गाजियाबाद।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कार्यप्रणाली में बड़ी लापरवाही सामने आई है। कुल 279 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में से 180 केंद्रों के प्रभारियों ने शासन स्तर पर अनिवार्य रिपोर्टिंग ही नहीं की। इन रिपोर्टों में रोजाना ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या, जांच, उपचार और वितरित की गई दवाइयों का पूरा विवरण देना जरूरी होता है, लेकिन अधिकांश केंद्रों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। शासन स्तर पर की गई निगरानी में यह भी सामने आया कि जन आरोग्य समिति की बैठक की रिपोर्ट रोजाना पोर्टल पर दर्ज की जानी थी, लेकिन माह के अंत तक भी कई केंद्रों की ओर से कोई विवरण अपलोड नहीं किया गया। खास बात यह है कि लापरवाही बरतने वाले अधिकांश केंद्र शहरी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, जहां मरीजों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक रहती है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि 51 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने मासिक रिपोर्टिंग का डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया।

# चिरंजीव विहार के सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास, एक साल पुराना वादा हुआ पूरा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनता से किए गए वादों को जमीन पर उतारने की कड़ी में महापौर सुनीता दयाल ने एक बार फिर भरोसे की मिसाल पेश की है। चिरंजीव विहार स्थित सेंट्रल पार्क में बने सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण कार्य का शनिवार को विधिवत शिलान्यास कर महापौर ने वह वादा पूरा किया, जो उन्होंने एक वर्ष पूर्व स्थानीय नागरिकों की मांग पर किया था। महापौर सुनीता दयाल ने अपने चुनाव के दौरान शहरवासियों से विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया था। चुनाव के बाद भी जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में उन्होंने निरंतर प्रयास किए। इसी क्रम में एक वर्ष पूर्व क्षेत्रीय पार्षद मनोज त्यागी के आग्रह पर महापौर ने चिरंजीव विहार वार्ड का दौरा कर सेंट्रल पार्क में बने सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान भवन की जर्जर स्थिति सामने आई और अधिकारियों से बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि लंबे समय से यह कार्य फंड की कमी के कारण लंबित पड़ा हुआ था। उस दौरान स्थानीय बुजुर्गों और क्षेत्रवासियों ने सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर महापौर और पार्षद को मांग पत्र सौंपा था। महापौर ने तब भरोसा दिलाया था कि अवसर मिलते ही इस दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा। समय आने पर अवस्थापना निधि उपलब्ध होते ही महापौर ने इस कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार कराया और नगर निगम की बैठक में 45 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कराकर निविदा प्रक्रिया पूरी कराई। विधिवत नारियल फोड़कर सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर पार्षद मनोज त्यागी, अध्यक्ष हरिओम पवार, संजय बहेड़ी, सुदेश मिश्रा, राजेश शर्मा, महेंद्र गर्ग, अजय दयाल, अशोक रावत, रंजन चौधरी, बेदी गुप्ता, निर्मल उपाध्यक्ष, हरीश चंद्रा, आलोक त्यागी आदि रहे।

## अबुपुर गांव में मुख्यमंत्री के पोस्टर फाडे से तनाव, दो आरोपितों पर मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के अबुपुर गांव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यमंत्री असीम अरुण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के लगाए गए पोस्टरों को लाठी से फाडे और अभद्रता करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि इस दौरान मुख्यमंत्री को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी और गाली-गलौज भी की गई, जिससे गांव में रोष का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि हाल ही में अबुपुर गांव में एक पुस्तकालय का शुभारंभ हुआ था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री असीम अरुण शामिल हुए थे।

कार्यक्रम के स्वागत में गांव के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाए गए थे, जिनमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यमंत्री असीम अरुण, अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के फोटो लगे हुए थे। शुक्रवार दोपहर कुछ लोग लाठी लेकर आए और एक-एक कर सभी पोस्टरों को फाडा शुरू कर दिया। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने उनके साथ गाली-गलौज की और मुख्यमंत्री को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इस पूरी घटना को गांव के लोगों ने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने निवाड़ी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की और पुलिस को वीडियो साक्ष्य भी सौंपे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अबुपुर निवासी शिव कुमार और राकेश कुमार उर्फ बिट्टू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## किराये पर मकान लेकर कब्जा जमाने का आरोप

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में किराये पर मकान लेकर लंबे समय से कब्जा जमाए रखने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक महिला ने बिल्डर से मकान किराये पर लिया, लेकिन दो माह बाद किराया देना बंद कर दिया और मकान खाली कराने की बात करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी। पीड़ित बिल्डर की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। लोनी के चिरोड़ी निवासी बिल्डर प्रवेश बसोया ने पुलिस को बताया कि उन्होंने शालीमार गार्डन एक्सटेंशन में एक आवासीय इमारत का निर्माण कराया था। वर्ष 2020-21 में उन्होंने रेखा त्यागी नामक महिला को उक्त मकान 11 माह के एग्रीमेंट के आधार पर किराये पर दिया था। प्रारंभ में महिला ने दो माह का किराया अदा किया।

# नववर्ष 2026 पर जिला कांग्रेस की मासिक बैठक, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नव वर्ष 2026 के अवसर पर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सेंट्रल मार्केट, पुराना बस अड्डा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में सभी देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गईं और संगठनात्मक मजबूती को लेकर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन अश्विन त्यागी द्वारा किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं सदस्य विदित चौधरी रहे। कार्यक्रम में गाजियाबाद कोऑर्डिनेटर पंडित राजकुमार शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत जिला, मंडल, फ्रंटल संगठनों एवं शहर अध्यक्षों द्वारा परिचय के साथ हुई। सभी कार्यकताओं ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं, इसके बाद मासिक बैठक का औपचारिक संचालन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का परचम लहराने के लिए अभी से कमर कसनी होगी। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और सभी फ्रंटल संगठनों की इसमें निर्णायक भूमिका होगी।

## उधार के पैसे मांगने पर मारपीट का आरोप, गाली-गलौज से मचा हंगामा

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र में उधार दिए गए तीन लाख रुपये की मांग करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि पैसे वापस मांगने पहुंचे दंपति ने कहासुनी के बाद मारपीट शुरू कर दी। घटना में पति-पत्नी दोनों के साथ मारपीट किए जाने का आरोप है, जिससे कॉलोनी में अफरातफरी मच गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इकराम नगर कॉलोनी निवासी असगर ने पुलिस को बताया कि 29 दिसंबर की सुबह करीब नौ बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद थे। इसी दौरान कॉलोनी में रहने वाले बाबू अपनी पत्नी नसरीन के साथ उनके घर पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने आवाज देकर उन्हें घर से बाहर बुलाया और रिश्तेदार को दिलाए गए तीन लाख रुपये के लेनदेन को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी।

# एसआईआर अभियान के दूसरे चरण को लेकर भाजपा हुई सक्रिय, हेल्प डेस्क शुरू

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) अभियान के द्वितीय चरण को सफल बनाने के उद्देश्य से शनिवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक नेहरू नगर स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। इस दौरान आम नागरिकों को नए मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची संशोधन के लिए अधिक से अधिक जागरूक करने तथा जनसहयोग जुटाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर एक विशेष हेल्प डेस्क की स्थापना की गई, जहां आमजन को मतदाता सूची से संबंधित फार्म भरने, संशोधन कराने और अन्य प्रक्रियाओं में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। हेल्प डेस्क की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकताओं को सौंपी गई है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि रविवार को चलने वाले एसआईआर अभियान के दूसरे चरण में फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 के माध्यम से मतदाताओं को सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत उन नागरिकों को विशेष रूप से जोड़ा जाएगा, जिनका नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में शामिल नहीं था या जिनका एसआईआर फार्म पहले किसी कारणवश प्राप्त नहीं हो सका। मयंक गोयल ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों और मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर आम जनता की पूरी सहायता करेंगे। इस कार्य को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) भी मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाकर अधिक से अधिक नागरिकों को मतदाता सूची से जोडे में योगदान दें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण की मॉनिटरिंग और समन्वय के लिए विशेष जिम्मेदारियां भी तय की गईं। केंद्रीय मॉनिटरिंग का दायित्व अमित रंजन, संदीप चौधरी, बलराम रावल और मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी को सौंपा गया है। वहीं, ऑनलाइन कार्यों की जिम्मेदारी सोनू भाटी और अक्षय अग्रवाल को दी गई है।